*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 सितंबर, 2023
भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 332

मणिपुर में पुलिस स्टेशनों, अदालतों पर भीड़ का धावा, सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े,10 से ज्यादा घायल







## नारी शक्ति वंदन विधेयक अब बनेगा कानून

# महिला आरक्षण बिल राज्यसभा से भी पारित

- राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा
- महिला आरक्षण तुरंत लागू करें: खड़गे
- सरकार नियमों से काम करती है: नड्डा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र के चौथे दिन राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पेश किया गया। इसके बाद इस पर चर्चा हुई और इसके बाद इसे पारित कर दिया गया। अब इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जायेगा। इसके बाद यह विधेयक कानूनी रूप ले लेगा।



कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने राज्यसभा में गुरुवार को बिल पेश किया। इस पर कांग्रेस के रंजीत रंजन ने चर्चा की शुरूआत की। उन्होंने बिल के नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि महिलाओं को वंदन नहीं, समानता चाहिए। चर्चा में सामिल होते हुए भाजपा के जेपी नड्डा ने कहा कि ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन है। अगर ये बिल आज पास होता है तो 2029 तक 33 फीसदी महिलाएं सांसद बनकर आ जायेंगी। वहीं, खड़गे ने कबीर का दोहा 'काल करे सो, आज कर' सुनाया और तुरंत आरक्षण लागू करने की मांग की। जेपी नड्डा ने जवाब दिया कि भाजपा का उद्देश्य राजनीतिक फायदा लेने का नहीं है। सरकार नियमों से काम करती है और पक्का काम करने में विश्वास रखती है।

### इस बिल के लिए सभी हकदार हैं: मोदी

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। लोकसभा में सुबह 11 बजे जब कार्यवाही शुरू हुई तो सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोलने के लिए खड़े हुए। उन्होंने कहा कि बुधवार को भारत की संसदीय यात्रा का एक स्वर्णिम पल था। उस पल के हकदार इस सदन के सभी सदस्य हैं। सभी दल के सदस्य हैं। सभी दल के नेता भी हैं। सदन हों या सदन के बाहर हों, वे भी उतने ही हकदार हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज इस बहुत महत्वपूर्ण निर्णय में और देश की मातृशक्ति में एक नयी ऊर्जा भरने में कल का निर्णय और आज राज्यसभा के बाद जब हम अंतिम पड़ाव भी पूरा कर लेंगे। यह पवित्र कार्य को करने के लिए आप सबने जो योगदान दिया है, समर्थन दिया है, सार्थक चर्चा की है। सदन के नेता के रूप में मैं आज आप सबका सच्चे दिल से आदरपूर्वक अभिनंदन करता हूं।

## राहुल गांधी का नया अंदाज



राहुल गांधी ने कुली की यूनिफॉर्म पहनी, सिर पर सामान उठाया:आनंद विहार आइएसबीटी पहुंचकर कुलियों से मिले, उनकी परेशानियां पूछीं

## न्यूज रील्स

### विक्रांत जैसा एक और एयरक्राफ्ट बनाने की तैयारी

नयी दिल्ली। नौसेना ने रक्षा मंत्रालय को आइएनएस-विक्रांत जैसा देश का दूसरा स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर-2 के निर्माण का प्रस्ताव दिया है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक यह एयरक्राफ्ट आइएनएस-विक्रांत बनाने वाली केरल के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड से ही बनवाया जायेगा। 45 हजार टन के एयरक्राफ्ट कैरियर को बनाने में 40 हजार करोड़ से ज्यादा का खर्च आयेगा।

### रेलवे ने एक्सीडेंट मुआवजा राशि 10 गुना बढ़ायी

नयी दिल्ली। रेलवे बोर्ड ने रेल दुर्घटना से जुड़ी राहत राशि में 10 गुना वृद्धि की है। इसके तहत ट्रेन हादसे में किसी की मौत होने पर सहायता राशि 50 हजार रुपये से बढ़ा कर पांच लाख रुपये कर दी गयी है। गंभीर चोट के लिए सहायता राशि 25 हजार से बढ़ा कर 2.5 लाख रुपये कर दी गयी है। साथ ही मामूली चोट की स्थिति में सहायता राशि पांच हजार से 50 हजार रुपये की गयी है।

### चंद्रयान-3 के आज से फिर जागने की उम्मीद

बेंगलुरु। चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर के शुक्रवार से जागने की उम्मीद है। 14 दिनों की रात के बाद चांद के दक्षिण ध्रुवीय हिस्से पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है। इसरो 4 सितंबर को स्लीप मोड पर डाले गये विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर से संपर्क करने की कोशिश करेगा।

### बॉम्बे हाइकोर्ट ने मेहुल की याचिका खारिज

मुंबई। बॉम्बे हाइकोर्ट ने मेहुल चोकसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की इडी की अर्जी को चुनौती देने वाली वाली याचिका खारिज कर दी। दरअसल चोकसी ने मुंबई हाइकोर्ट में उसके खिलाफ चल रही फ्यूजीटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर (एफइओ) की कार्रवाई के खिलाफ याचिका दायर की थी। केंद्रीय जांच एजेंसियों के लिए अब प्रक्रिया को शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है।

# डॉक्टरों की आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल

- मारपीट के दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक किया कार्य बहिष्कार का ऐलान
- राज्य में मरीजों की बढ़ सकती है परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर में शिशु रोग विशेषज्ञ के साथ मारपीट से नाराज डॉक्टरों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान किया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) और झासा ने शुक्रवार को सुबह 6 बजे से घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी नहीं होने तक राज्य भर में चिकित्सा सेवा ठप करने का एलान कर दिया है। इसे लेकर आइएमए और झासा ने संयुक्त रूप से राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह और रिम्स निदेशक डॉ आरके गुप्ता को पत्र लिख कर कार्य बहिष्कार की सूचना दी है। इससे मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। दरअसल एमजीएम जमशेदपुर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कमलेश उरांव के साथ मरीज के परिजनों ने पिछले दिनों मारपीट की थी। घटना के बाद दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण राज्यभर के चिकित्सक आक्रोशित हैं।



**दोषियों की गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन जारी**

एमजीएम जमशेदपुर में इस घटना के बाद से चिकित्सक कार्य बहिष्कार पर हैं। भारी बारिश के बीच एमजीएम के चिकित्सक दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर अस्पताल परिसर में प्रदर्शन कर रहे हैं।

### मरीज का अहित नहीं चाहते हैं : डॉ प्रदीप

आइएमए के सचिव डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि मारपीट की घटना का वीडियो फुटेज वायरल हो रहा है और यह प्रशासन के पास भी है। दोषियों को चिह्नित किया गया है। बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं होने से राज्य भर के चिकित्सकों में आक्रोश है। हम मरीजों का अहित नहीं चाहते, लेकिन मरीजों की सेवा करने वाले चिकित्सकों के साथ मारपीट की घटना से हम सबका मनोबल टूटता है। उन्होंने कहा कि कार्य बहिष्कार के दौरान इमरजेंसी सेवा पर असर नहीं पड़ेगा।

# महिला आरक्षण बिल पर बोले हेमंत सोरेन: सबको अधिकार मिलना चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिला आरक्षण बिल पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे को पूरा देश जान रहा है। झामुमो सांसद महुआ माजी द्वारा ओबीसी को भी आरक्षण दिये जाने की बात संसद में उठाये जाने पर उन्होंने कहा कि सबको अधिकार मिलना चाहिए। यहे बातें सोरेन ने दिल्ली में पत्रकारों से कहीं। उन्होंने अपने दिल्ली दौरे के बारे में कहा कि कुछ निजी भी है और कुछ आधिकारिक भी है।

### इडी के समन पर ले रहे हैं विधि परामर्श



इधर, हेमंत सोरेन ने गुरुवार को सबसे पहले अपने पिता शिबू सोरेन के आवास जाकर उनकी तबीयत की जानकारी ली। चिकित्सकों से भी बातचीत कर हालात की जानकारी ली। बताया गया कि सीएम इसके बाद दिल्ली में कुछ विधि विशेषज्ञों से भी राय ले रहे हैं। इडी द्वारा उन्हें चौथा समन भेजा गया है। 23 सितंबर को उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया है। सीएम ने इडी के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा 18 सितंबर को हुई सुनवाई में उन्हें हाइकोर्ट जाने की सलाह दी गयी है। इसी दौरान इडी द्वारा उन्हें चौथा समन भेज दिया गया। सीएम इस मुद्दे पर विधि विशेषज्ञों से मिल रहे हैं।

## एचइसी को बचाने के लिए दिल्ली में जंतर मंतर पर आइएनडीआइए गठबंधन ने दिया धरना

# कहा-केंद्र सरकार ने पहल नहीं की, तो आगे कड़ा कदम उठाने को विवश होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** एचइसी को बचाने के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (आइएनडीआइए गठबंधन) के नेताओं ने गुरुवार को दिल्ली में जंतर मंतर पर धरना- प्रदर्शन किया। धरना झामुमो जिलाध्यक्ष मुशताक आलम की अध्यक्षता में दिया गया। मौके पर गठबंधन के राष्ट्रीय नेता भी शामिल हुए। नेताओं ने कहा कि सभी जगह गुहार लगाने के बाद आज हम सब सीधा केंद्र सरकार के पास आये हैं। केंद्र सरकार अविलंब हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है, तो कड़ा कदम उठाने को विवश होंगे।




**सार्वजनिक उपक्रमों को बेचने की साजिश हो रही**

नेताओं ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार जबसे बनी है, सभी सरकारी उपक्रमों को बेच रही है। भारतीय रेल, इंडियन एयरलाइंस, हवाई अड्डे, बंदरगाहों जैसे अनेक केंद्रीय उपक्रमों को अपने मित्रों अंबानी, अडाणी के हाथों बेच चुकी है। सरकार बनते ही एशिया की सबसे बड़ी भारी अभियंत्रण उद्योग लिमिटेड को भी बेचने की साजिश रची गयी थी, लेकिन झामुमो के आंदोलन ने उनके मंसूबे पर पानी फेर दिया था।एक बार फिर से साजिश रची जा रही है। चंद्रयान का लांचिंग पैड बनाने वाले एचइसी कर्मियों को विगत दो साल से तनख्वाह नहीं दी जा रही है। केंद्र सरकार के देश विरोधी, राज्य विरोधी और जन विरोधी रवैये से कंपनी के सभी कार्यादेश निरस्त हो जा रहे हैं।

### महुआ माजी, सुबोधकांत और खीरू महतो भी धरना में शामिल हुए

धरना में आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल झामुमो से राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, आप के दिल्ली सांसद संजय सिंह, जदयू के राज्यसभा सांसद खीरू महतो, सीपीआइ के राष्ट्रीय महासचिव अतुल अंजान, सीपीआइ के झारखंड राज्य सचिव महेंद्र पाठक, केरल के पूर्व राज्यसभा सांसद पी संतोष, कांग्रेस के खिजरी विधायक राजेश कच्छप, जिला सचिव डॉ हेमलाल कुमार मेहता हेमू, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, जिला संयुक्त सचिव सुजीत उपाध्याय, संजय राय समेत अन्य मौजूद थे।

# केस वापस नहीं लेने पर रांची से बेटी का किया अपहरण

- गैंगरेप का वीडियो बना कर किया वायरल, अब जान से मारने की धमकी
- मां ने पुलिस से न्याय की लगायी गुहार, दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला/रांची।** राज्य के गुमला जिले में नाबालिग के अपहरण, गैंगरेप और फिर हत्या करने की धमकी का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय पुलिस से मदद नहीं मिलने पर पीड़िता की मां ने एसपी के पास न्याय की गुहार लगायी है। इस संदर्भ में आवेदन दिया है। घटना गुमला जिले के पुसो थाना अंतर्गत एक गांव की है। पीड़िता की मां ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने मेरी बेटी के साथ मारपीट की और हत्या की कोशिश की। उस व्यक्ति के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कराया गया और अदालत में केस चल रहा है। इसके बाद से वह व्यक्ति मेरी बेटी को लगातार धमकी दे रहा था कि केस वापस ले ले, नहीं तो उसकी हत्या कर देगा, लेकिन हम लोगों ने केस वापस नहीं लिया।

**रांची से किया अपहरण :** पीड़ित लड़की की मां ने बताया कि तब मेरी बेटी रांची में रहकर पढ़ाई करती है। मेरी बेटी रांची स्थित नागा बाबा खटाल जा रही थी। तभी छह लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद ओरमांझी ले गये और फिर सभी ने मिल कर बलात्कार किया। आरोपियों ने गैंगरेप करने का वीडियो भी बनाया और फेसबुक पर वायरल करने की धमकी दी। मेरी बेटी ने डर से घटना के बारे में नहीं बताया। इसबीच 15 सितंबर को आरोपी के द्वारा मेरी बेटी का गैंगरेप का वीडियो पूरे गांव में वायरल कर दिया। पांच अलग-अलग फोन नंबर से वीडियो भेज कर केस वापस लेने की धमकी दी गयी।

### स्थानीय पुलिस ने नहीं की मदद

पीड़ित लड़की की मां ने कहा कि आरोपी 16 सितंबर को अपने घर में आकर छिपा था। जिसकी जानकारी मिलने पर पूसो थाना के इंस्पेक्टर सत्यम गुप्ता को दिया गया। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जब हम लोग आरोपी के घर गये, तो पुलिस के द्वारा हम लोगों को मारपीट कर भगाया गया। पुलिस आरोपी की सहायता की।

### एसपी से मदद की गुहार

महिला ने गुरुवार को गुमला एसपी को इस संबंध में आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन में विस्तार से सारी बातों का जिक्र करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगायी है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Subscribe NOW

सर्राफा

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,900 रु./10 ग्राम | |
| चांदी | 74,000 रु./प्रति किलो | |

# नीतीश के लिए खुल रहा है एनडीए का 'बंद दरवाजा'!

## ■ हाल के दिनों में सुशासन बाबू के प्रति नरम पड़ गयी है भाजपा

## ■ जी-20 के रात्रिभोज में पीएम मोदी से हुई बातचीत ने दिये संकेत

## ■ अमित शाह ने भी बिहार के सीएम की बजाय लालू को रखा निशाने पर

**बिहार की सियासत शेष भारत के लिए हमेशा से एक पहेली रही है। यह एक ऐसा राज्य है, जहां कब कौन सा सियासी समीकरण आकार ले ले, कोई कह नहीं सकता। खास कर बीते 20-25 साल में तो बिहार का सियासी माहौल पूरी तरह अनिश्चित रहा है। अब राज्य में अभी सत्तारूढ़ महागठबंधन की सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ही लिया जाये, तो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से जी-20 के अवसर दिये गये रात्रि भोज में उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात-बातचीत राजनीतिक गलियारे में संयोग नहीं, प्रयोग के तौर पर चर्चा में है। इस पहल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बिहार दौरे में नीतीश कुमार के प्रति बदले हुए स्वर ने और हवा दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और महागठबंधन सरकार में शामिल जदयू के मंत्रियों की ओर से मोदी सरकार के फैसलों का जिस अंदाज में स्वागत किया जा रहा है, वह भी अपने आपमें नयी राजनीतिक संकेत के लिए काफी है। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह की बिहार में दो सभाओं के बाद भाजपा नेताओं के स्वर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति बदल गये हैं। सितंबर-2022 के बाद बिहार की छह जनसभाओं में अमित शाह यह बात कहने से चूकते नहीं थे कि नीतीश कुमार के लिए भाजपा या एनडीए के दरवाजे हमेशा-हमेशा के लिए बंद हो गये हैं। इस बार अमित शाह ने मंच से यह बात तो नहीं ही कही, सीधे-सीधे नीतीश कुमार को टारगेट भी नहीं किया। कुछ ऐसा ही संकेत भाजपा के प्रति जदयू की तरफ से भी दिख रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस तरह एंकरों के बहिष्कार के फैसले से खुद को अलग रखा और महागठबंधन सरकार में शामिल जदूय कोटे के मंत्री अशोक चौधरी ने जिस तरह से महिला आरक्षण विधेयक को लेकर केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रशंसा की, वह भी गौरतलब है। इन बयानों और टिप्पणियों से यह संकेत मिल रहा है कि नीतीश कुमार के लिए एनडीए का दरवाजा खुल रहा है। क्या हो सकता है बिहार का सियासी समीकरण और इसका 2024 में क्या होगा असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

बिहार को लेकर एक बार फिर सियासी हलकों में चर्चा गरम है। चर्चा है कि भाजपा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रिश्ते एक बार फिर सुधार की राह पर हैं। इसलिए शायद नीतीश कुमार के लिए एनडीए का दरवाजा फिर से खुलने लगा है। इस चर्चा को बल उस समय मिला, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस बार अपने बिहार दौरे पर सीएम नीतीश कुमार के प्रति अपना अंदाज पूरी तरह बदल लिया था। उनकी जुबान से नीतीश कुमार के लिए एनडीए में दरवाजे बंद होनेवाली बात इस बार नहीं निकली। उन्होंने नीतीश के बारे में कहा भी तो मशविरा के अंदाज में। जी-20 के दौरान राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से नीतीश कुमार की मुलाकात और बातचीत के बाद भी बिहार में लग रही अटकलों को इससे बल मिला है।

अपने बिहार दौरे के दौरान अमित शाह के भाषणों में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी पर तल्खी तो दिखी, लेकिन नीतीश के प्रति उनका अंदाज अलहदा था। इसमें छींटाकशी कम और सलाह अधिक थी। पिछली हर सभा में वह नीतीश कुमार के बारे में कहते थे कि उनके लिए एनडीए के दरवाजे बंद हो चुके हैं। आश्चर्यजनक ढंग से इस बार उनकी जुबान से यह बात नहीं निकली।

### नीतीश कुमार के प्रति नरम दिखे शाह

नीतीश कुमार के एनडीए छोड़ने के बाद अमित शाह जब-जब बिहार आये, उन्होंने एक बात जरूर कही कि नीतीश कुमार के लिए एनडीए के दरवाजे सदैव के लिए बंद हो चुके हैं। वह आना भी चाहें, तो एनडीए में उनके लिए जगह नहीं है। जी-20 के आयोजन के बाद से स्थितियां बदली हुई दिख रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जी-20 के आयोजन के अवसर पर रात्रि भोज दिया था, जिसमें शामिल होने के लिए सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को राष्ट्रपति भवन से न्योता भेजा गया था। गैर भाजपा सरकार के कुछ मुख्यमंत्रियों ने भोज में शामिल होने से परहेज किया, लेकिन नीतीश कुमार इसमें शामिल हुए। अर्से बाद यह पहला मौका था, जब पीएम नरेंद्र मोदी से नीतीश का आमना-सामना हुआ। न सिर्फ दोनों मिले, बल्कि जिस अंदाज में तस्वीरें सामने आयीं, उन्हें देख कर नीतीश के साथी-सहयोगियों के कान जरूर खड़े हो गये। पीएम मोदी और नीतीश कुमार कभी हंसते-मुस्कुराते साथ दिखे, तो कभी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से सीएम नीतीश कुमार को पीएम नरेंद्र मोदी मिलाते नजर आये। उसके बाद से ही अटकलों का बाजार गर्म है। इसी बीच अमित शाह बिहार आये, तो उनकी जुबान से नीतीश कुमार के बारे में कड़वे शब्द नहीं निकले।



### अमित शाह ने बिहार में जल्दी चुनाव की भविष्यवाणी की

अमित शाह ने एक मार्के की बात कही। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव जल्द होंगे। बिहार की मौजूदा सरकार का कार्यकाल 2025 में खत्म हो रहा है और अभी 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव की सर्वत्र चर्चा है। ऐसे में बिहार के चुनाव की चर्चा छेड़ शाह ने नयी अटकलों को जन्म दे दिया है। नीतीश कुमार भी कई मौकों पर कह चुके हैं कि बिहार में समय से पहले चुनाव हो सकते हैं। शाह और नीतीश के स्वर का मेल खाना महज संयोग माना जा सकता था, लेकिन संदेह इसलिए हो रहा है कि समय से पहले बिहार में चुनाव की बात पहली बार अमित शाह की जुबान से निकली है। इससे उन अटकलों को बल मिलता है, जिनमें नीतीश की घर वापसी की चर्चा इन दिनों बिहार में हो रही है। हालांकि नीतीश ने शाह के भाषण के बाद अपनी प्रतिक्रिया से ऐसी किसी संभावना पर पानी फेर दिया। शाह ने कहा था कि नीतीश और लालू की पार्टी का गठबंधन तेल-पानी की तरह है, जिसका कभी मेल ही नहीं हो सकता। उल्टे पानी के गंदा होने के खतरे अधिक हैं। नीतीश की पार्टी जदयू को शाह ने पानी बताया, तो महागठबंधन के दूसरे दलों को तेल की संज्ञा दी। नीतीश ने शाह के बारे में कहा कि उन्हें बिहार या देश के बारे में कुछ भी पता नहीं है। वह ऐसे ही अंड-बंड बोलते रहते हैं।

### बिहार में अमित शाह के आधा दर्जन दौरे

अमित शाह पिछले छह महीनों में आधा दर्जन बार बिहार आ चुके हैं। हर बार उनके निशाने पर लालू और नीतीश का परिवार ही रहता है। इस बार भी उन्होंने दोनों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लालू अपने बेटे को बिहार का सीएम बनाना चाहते हैं। नीतीश कुमार पीएम बनने का सपना देख रहे। ऐसा करते समय उन्होंने जंगल राज की चर्चा की, लेकिन नीतीश की और कोई कमजोरी नहीं बतायी। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि जदयू और राजद-कांग्रेस का गठजोड़ तेल-पानी की तरह है, जो लाख कोशिशों के बाद भी एक नहीं हो सकते। ऐसा कह कर उन्होंने नीतीश कुमार को क्लीन चिट दी, तो राजद को कटघरे में खड़ा किया।

### नीतीश ने दी पीएम को जन्मदिन की बधाई

बिहार के सियासी गलियारे में पखवाड़े भर से यह चर्चा गर्म है कि बिहार में फिर कोई खिचड़ी पक रही है। नीतीश ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई देकर उन अटकलों को हवा दे दी है। बात में अगर सच्चाई है, तो यह समय पर उजागर हो ही जायेगी। दरअसल भाजपा बिहार में दमदार भरोसे का साथी तलाश रही है। अभी तक भाजपा के साथ उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी तो आ गये हैं, लेकिन नीतीश जैसे कद का कोई आदमी न भाजपा में है और न एनडीए के साथी दलों में। भाजपा ने बिहार में अपने लिए लोकसभा की 40 में 30 सीटें रखने का फैसला किया है। भाजपा अपने लिए 30 सीटें इसलिए रखना चाहती है, क्योंकि देर-सबेर अगर नीतीश कुमार साथ आये, तो उन्हें सीटों से संतुष्ट करने में कोई कठिनाई न हो। साल 2019 में नीतीश जब भाजपा के साथ थे, तो उन्हें हिस्से में भाजपा के बराबर 17 सीटें मिली थीं, जिनमें 16 पर जदयू ने जीत भी दर्ज की थी।

### नीतीश के सुर भी बदले-बदले से हैं

इसके अलावा नीतीश कुमार और उनकी पार्टी का स्टैंड भी जिस तरह आइएनडीआइए गठबंधन से अलग हो रहा है, उससे भी इस चर्चा को बल मिला है। नीतीश कुमार ने 14 एंकरों के बहिष्कार के फैसले से खुद को अलग रख कर गठबंधन में पहले ही हचलच मचा दी है। इसके बाद पीएम विश्वकर्मा योजना और महिला आरक्षण विधेयक पर उनकी पार्टी की टिप्पणियों से साफ हो गया है कि नीतीश और जदयू का मन बदल रहा है।

# कुड़मी आंदोलनकारियों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले दागे

### पत्थरबाजी में डीएसपी और बीडीओ सहित कई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड अंतर्गत घाघरा हाल्ट से आंदोलन कर रहे कुड़मियों को हटाने के लिए पहुंची पुलिस के साथ बुधवार की रात आंदोलनकारियों की झड़प हो गयी। पुलिस ने रेल ट्रैक जाम कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज कर दिया, तो आंदोलनकारियों ने पत्थर फेंकने शुरू कर दिये। इसमें पुलिस और प्रशासनिक पदाधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गये। बाद में पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद आंदोलनकारी रेलवे ट्रैक खाली करके दूसरी ओर चले गये। इस दौरान डीएसपी, बीडीओ और कई जवान घायल हो गये हैं। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में भी लिया है।

बताया जाता है कि बुधवार की देर रात रेल चक्का जाम हटाने को लेकर प्रशासन कुड़मी समाज के लोगों से वार्ता कर रहा था। प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से लोगों से रेल चक्का जाम हटाने की अपील की जा रही थी। खुद एसडीओ रीना हांसदा मौके पर मौजूद थीं। इसी दौरान अचानक से पत्थरबाजी शुरू हुई। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी रेल पटरी पर भीड़ लगाये कुड़मी समाज के लोगों पर लाठीचार्ज कर दिया। अचानक हुई इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने रात में ही पूरे रेल पटरी से जाम हटा दिया था। जाम स्थल पर एसडीओ रीना हांसदा द्वारा धारा 144 लगा दी गयी थी और लगातार जामकर्ताओं से रेल चक्का जाम हटाने की अपील की जा रही थी। एसडीओ का कहना था कि जाम से नहीं हटने पर उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन प्रशासन की कोई भी बात आंदोलनकारी नहीं मान रहे थे, तभी अचानक पत्थरबाजी के बाद लाठीचार्ज हो गया, जिसमें कई लोग घायल हो गये।

### कुड़मी आंदोलन के मद्देनजर तीन ट्रेनें रद्द, दो के मार्ग परिवर्तित

**रांची (आजाद सिपाही)। आद्रा मंडल में कुड़मी समाज के आंदोलन और रैक की अनुपलब्धता की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित तीन ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इनमें ट्रेन संख्या 08641 आद्रा-बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल ट्रेन, ट्रेन संख्या 08695 बोकारो स्टील सिटी-रांची पैसेंजर स्पेशल ट्रेन और ट्रेन संख्या 03598 आसनसोल-रांची पैसेंजर स्पेशल ट्रेन हैं। इसके अलावा दो ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। ट्रेन संख्या 18602 रांची-टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन गुरुवार को अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल के स्थान पर मुरी-चांडिल होकर चली। ट्रेन संख्या 22892 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा गुरुवार को अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल के स्थान पर मुरी-चांडिल होकर चली।**

### भाकपा माओवादी ने डुमरी इलाके में भी पोस्टर चिपकाया

**डुमरी (आजाद सिपाही)। भाकपा माओवादियों का राज्य के विभिन्न हिस्सों में पोस्टरबाजी जारी है। कई गांवों में पोस्टरबाजी कर दहशत फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले तीन दिनों से यह लगातार जारी है। इसी क्रम में साउथ डुमरी के विभिन्न गांव में पोस्टर चिपकाया गया है। दरअसल भाकपा माओवादी अपना 19वीं वर्षगांठ मनाने का प्रचार कर रहा है। पोस्टर में 21 से 27 सिंतबर तक वर्षगांठ मनाने संबंधित संदेश लिखा है। पिछले एक दशक से क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधि कम हुई थी और पुलिसिया कार्रवाई जोरों पर होने के कारण ग्रामीण दहशत मुक्त होकर जीवन यापन कर रहे थे। इसबीच भाकपा माओवादी द्वारा जगह-जगह पोस्टर चिपकाने की सूचना फिर से मिलने लगी है। इससे ग्रामीणों में दहशत है। स्थानीय पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है, जांच में जुट गयी है।**

ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के आदेश पर हाइकोर्ट की कड़ी टिप्पणी

# नहीं जानते लॉ, इन्हें ट्रेनिंग की जरूरत है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के जेएमएफसी (ज्यूडिशयल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास) अशोक कुमार के आदेश पर कड़ी टिप्पणी करते हुए उनका आदेश रद्द कर दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जेएमएफसी का आदेश कानून को दरकिनार कर दिया गया प्रतीत होता है। इसके साथ ही हाइकोर्ट ने कहा कि जेएमएफसी अशोक कुमार को लॉ की बेसिक जानकारी नहीं है और इन्हें ट्रेनिंग की आवश्यकता है, इसलिए वे हर रविवार ज्यूडिशल एकेडमी में जाकर ट्रेनिंग लें।

**आदेश की कॉपी रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडिशल कमिश्नर को भेजी गयी :** हाइकोर्ट ने अपने इस आदेश की कॉपी रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडिशल कमिश्नर को भी हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार के माध्यम से भेजी है। उन्हें यह निर्देश दिया है कि हाइकोर्ट के इस आदेश का अनुपालन कर रिपोर्ट दी जाये। दरअसल यह मामला इश्तेहार जारी करने के आदेश को रद्द करने से जुड़ा हुआ है।

रांची जेएमएफसी के कोर्ट ने राहुल कुमार राय के खिलाफ इश्तेहार जारी करने का आदेश पारित कर दिया था, जिसे हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी थी। इस मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अंकित अपूर्व ने बहस की।

# इडी के समन के खिलाफ आज हाइकोर्ट में याचिका दायर कर सकते हैं मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को इडी के समन के खिलाफ झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर सकते हैं। हेमंत सोरेन से 23 सितंबर को इडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में जमीन घोटाले से जुड़े मामले में पूछताछ होनी है। हालांकि, इडी के समन के खिलाफ हेमंत सोरेन सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी की पीठ ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया और हाइकोर्ट में ले जाने को कहा था। हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि इडी को धारा 50 के अंतर्गत बयान दर्ज कराने या पूछताछ के दौरान ही किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार है। इसलिए समन जारी करने के बाद गिरफ्तारी का डर बना रहता है। शुक्रवार को हेमंत सोरेन समन को स्थगित करने और पीड़क कार्रवाई नहीं करने को लेकर याचिका दायर कर सकते हैं।

### विधानसभा ने हाइकोर्ट को बताया

# छह राज्यों से मिले मंतव्य में तीन राज्यों में है नमाज कक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किये जाने को चुनौती देनेवाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि छह राज्यों से विधानसभा में नमाज कक्ष पर मंतव्य आया है। इनमें से तीन राज्यों ने कहा है कि उनके यहां विधानसभा में नमाज कक्ष है।

विधानसभा को यह भी बताया गया कि कुछ और राज्यों से नमाज कक्ष के बारे में मंतव्य अभी आना है। इसके बाद नमाज कक्ष को लेकर विधानसभा द्वारा गठित सात सदस्य वाली सर्वदलीय कमेटी अपना निर्णय लेगी, जिससे कोर्ट को अवगत कराया जायेगा। चीफ




जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को मामले की सुनवाई की।

विधानसभा की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि बिहार, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों से विधानसभा में नमाज कक्षा के बारे में मंतव्य आ गया है। इनमें से तीन राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और बिहार की ओर से बताया गया है कि उनके यहां विधानसभा में नमाज कक्ष है। कोर्ट ने मामले में 14 दिसंबर को कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश विधानसभा को दिया है। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई में उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि विधानसभा में सभी राजनीतिक पार्टियों में से सात विधायकों की एक कमेटी बनायी गयी है, जो विधानसभा में नमाज कक्ष के बारे में अपनी रिपोर्ट देगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.6 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.48 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.37 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 22 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in



# हेमंत सरकार की विदाई धूमधाम से करने का संकल्प लें : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को संकल्प यात्रा के क्रम में सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र की जनसभा को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि लगभग चार वर्षों में हेमंत सरकार ने झारखंड में केवल भ्रष्टाचार और लूट करवाया है। संकल्प यात्रा के माध्यम से हेमंत सरकार को धूमधाम से विदाई देने का संकल्प दिलाने आया हूं।

उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। खान-खनिज, जमीन, पत्थर-बालू और गरीबों का अनाज सबकी लूट मची है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के लोगों ने



गरीब आदिवासियों की जमीन नाम बदल कर कर ली है। हेमंत सरकार लुटेरों, बिचौलियों दलालों को बचाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर सुप्रीम कोर्ट में पैरवी करवा रही है। उन्होंने कहा कि यदि हेमंत सोरेन बेदाग हैं, तो फिर इडी की पूछताछ से भाग क्यों रहे?

बाबूलाल ने कहा कि पुलिस टूल की तरह काम कर रही। अपराधियों को नहीं पकड़ती और वसूली में व्यस्त रहती है। पदाधिकारी बोलते हैं, देकर आये हैं तो लेंगे ही। मोबाइल की तरह पोस्ट को रिचार्ज कराना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में विकास कार्य ठप पड़े हैं। सरकार सड़क की मरम्मत भी नहीं करवा पा रही। आज विद्यालय में शिक्षक नहीं, अस्पताल में डॉक्टर्स नहीं, नर्स नहीं, दवाई नहीं।

मरांडी ने कहा कि भाजपा ही विकास और सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास सार्थक हो रहा। विश्वकर्मा जयंती पर शुरू की गयी पीएम विश्वकर्मा योजना से गांव के हुनर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिलेंगे। सस्ते दर पर बिना गारंटी ऋण उपलब्ध होने से गांव के बढ़ई, लोहार, सुनार, कुंभकार, जूते बनाने वाले, मछली पालन करने वाले, नाई ऐसे पारंपरिक पेशा से जुड़े लोग अब रोजगार देने वाले बनेंगे। 13 हजार करोड़ की योजना भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगी। स्वावलंबी भारत का लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड का विकास भाजपा और एनडीए सरकार ही कर सकती है।

भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या/ Advertisement No. 28/SRF/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में ''सीआरपी इन बायोफोर्टिफिकेशन इन सेलेक्टड क्रॉप्स फॉर न्यूट्रिशनल सिक्योरिटि'' (ईएपी-197) परियोजना के लिए एक (01) सिनियर रिसर्च फेलो के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक 03.10.2023 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तें के बारे में जानकारी भाकृअनुप - एनआरआरआई की वेबसाइट https://icar-nrri.in पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-interview will be held on 03.10.2023 for selection of One (01) Senior Research Fellow (SRF) under the scheme "CRP in Biofortification in selected crops for nutritional security" (EAP-197) at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The Details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI website https://icar-nrri.in

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

## इप्सोवा की सचिव डॉ आस्था भारमुक्त

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के पूर्व एसएसपी किशोर कौशल की पत्नी डॉ आस्था रमन इप्सोवा की सचिव पद से स्वत: भारमुक्त हो गयी हैं। उन्होंने इप्सोवा की अध्यक्ष को इस संबंध में एक पत्र भेजा है। डॉ आस्था रमन का कहना है कि उनके पति का तबादला जमशेदपुर हो गया है। ऐसी स्थिति में मेरे द्वारा इप्सोवा का काम करना संभव प्रतीत नहीं हो रहा है। रमन ने 19 सितंबर से सचिव का पद छोड़ दिया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजगार-व्यापार में शुभ परिवर्तन, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।

**वृष** कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**मिथुन** सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव का लाभ मिलेगा, आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क** परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे।

**सिंह** स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

**कन्या** कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, गम्भीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

**तुला** रोग-शोक-दुःश्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

**वृश्चिक** लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति होगी।

**धनु** गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल होगा, माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**मकर** गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे, भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।

**कुंभ** परिस्थितियों में सुधार,विगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, संतान पक्ष की चिंता दूर होगी।

**मीन** नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

# आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा ने महिला बिल पारित कराया : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव से ही महिला सशक्तिकरण और महिला बिल को संसद से पारित किये जाने की पक्षधर रही है। आगामी चुनावों को देखते हुए महिला बिल भाजपा ने पारित कराया। श्री ठाकुर गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अगर अधिकार और भागीदारी दिलाने की मंशा भाजपा की होती, तो 2010 में राज्यसभा से पारित बिल को ही लोकसभा में लेकर भाजपा को जाना चाहिए। हम यह कह सकते



हैं कि चुनावी फायदे के मद्देनजर इस बिल को लाया गया है। इससे भाजपा की खोटी नियत सामने आ गयी है। महिला आरक्षण के पूर्व जनगणना और परिसीमन का होना अनिवार्य है, जो वर्तमान परिस्थिति में 2029 के पूर्व संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई और नये भारत के निर्माण में स्त्रियां हर मोर्चे पर पुरुषों के साथ कंधे से कंधे मिला कर खड़ी रही हैं। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पूर्णतया समर्थन करती है और इस बिल के पारित होने से हमें बेहद प्रसन्नता है लेकिन इसके साथ पार्टी चिंतित भी है कि महिला शक्ति विगत 13 वर्षों से राजनीतिक जिम्मेदारी का इंतजार कर रही है, उन्हें और इंतजार करने को कहा जा रहा है। आधी आबादी के साथ सरकार का यह बर्ताव सर्वथा अनुचित है। कांग्रेस विधायक दल के नेता और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मांग है कि यह बिल अविलंब अमल में लाया जाये। साथ ही जातीय जनगणना करा कर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी महिलाओं के आरक्षण की व्यवस्था की जाये। इस अवसर पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, सेवादल प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन, प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम. तौसीफ, सतीश पाल मुंजनी सहित अन्य मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री मोदी 24 सितंबर को करेंगे रांची-हावड़ा वंदे भारत का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को देश के अलग-अलग राज्यों के लिए नौ वंदे भारत ट्रेन का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। इसमें रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है। चेन्नई कोच फैक्टरी से दक्षिण-पूर्व रेलवे को इस ट्रेन के लिए आठ रैक भी आवंटित कर दिये गये हैं। साथ ही द-पू रेल मुख्यालय की ओर से इस ट्रेन के लिए रूट भी तय कर दिया गया है।

महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन रांची से रवाना होगी और मुरी, झालदा, पुरुलिया, चांडिल, टाटानगर, घाटशिला, झाड़ग्राम और खड़गपुर होते हुए हावड़ा जायेगी। पहले दिन ट्रेन का ट्रायल दोपहर 12:45 बजे निर्धारित किया गया है। फिलहाल, नियमित रूप से परिचालन के लिए ट्रेन की समय सारिणी का निर्धारण अभी नहीं हुआ है।

दक्षिण-पूर्व रेलवे की ओर से इस ट्रेन के लिए बोर्ड को दो समय सारिणी भेजी गयी है। पहली समय सारिणी के अनुसार, ट्रेन के हावड़ा से रवाना होने का समय सुबह आठ बजे और रांची पहुंचने का समय दोपहर 12:55 बजे निर्धारित किया गया है। वहीं, वापसी में ट्रेन को दोपहर 3:20 बजे रांची से रवाना करने और रात 8:10 बजे हावड़ा पहुंचने का प्रस्ताव दिया गया है।

दूसरी समय सारिणी के अनुसार, ट्रेन सुबह 5:20 बजे रांची से रवाना होगी और सुबह 11:55 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वहीं, हावड़ा से यह ट्रेन दोपहर 3:30 बजे रवाना होगी और रात 10:10 बजे रांची पहुंचेगी। जानकारी के अनुसार, यह पहली वंदे भारत ट्रेन होगी, जिसके रखरखाव की जिम्मेदारी रांची रेल मंडल को दी जायेगी। इस ट्रेन में आठ कोच होंगे।

# पांच करोड़ लूट मामले का मास्टरमाइंड गुलाब समेत मुन्ना रविदास गिरफ्तार, 77 लाख बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जमुआ -गिरिडीह मुख्य मार्ग के बाटी मोड़ के पास बीते 21 जून की रात डीवाई कंपनी के पांच करोड़ रुपये लूटकांड मामले का मास्टरमाइंड खिरोधर साह उर्फ गुलाब साह और मुन्ना रविदास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार मास्टरमाइंड के पास से पुलिस ने 77 लाख रुपये नगद बरामद किये हैं। उक्त जानकारी गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर दी। गुलाब साह और मुन्ना को पुलिस ने कन्याकुमारी से गिरफ्तार किया है। गुलाब की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस की टीम लगातार कई राज्यों में छापामारी कर रही थी, जिसके बाद पुलिस की विशेष टीम को यह सफलता हासिल हुई है।

बताया गया कि गुजरात की डीवाई कंपनी की इतनी मोटी रकम लूटने की योजना बरही के गुलाब साह ने बनायी थी और अपने गिरोह में अन्य लोगों को शामिल किया था।

### क्या है पूरा मामला

गौरतलब रहे कि बीते 21 जून की रात अपराधियों ने जमुआ थाना इलाके के बाटी मोड़ के पास उस वक्त डीवाई कंपनी के पांच करोड़ रुपये को नगद लूट लिया, जब कंपनी के कर्मी क्रेटा कार में पटना से कोलकाता ले जा रहे थे। क्रेटा कार के अंडरग्राउंड सेफ में कंपनी के पांच सौ रुपये की गड्डियां भरी हुई थीं। इस मामले को लेकर क्रेटा कार के चालक मयूर सिंह जडेजा ने जमुआ थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

**सात में छह आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ 3,24,15,000 रुपये पहले ही पुलिस कर चुकी थी बरामद:** गौरतलब रहे कि गिरिडीह पुलिस ने पांच करोड़ लूटकांड का उदभेदन करने में सफलता हासिल कर ली है। मुख्य सात आरोपियों में से छह आरोपियों को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही घटना में प्रयुक्त आठ मोबाइल, एक्सयूवी वाहन और क्रेटा कार में लगाये गये एक जीपीएस को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया था। गिरफ्तार आरोपियों में राजेश सिंह धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के रामनगर विलेज रोड, मो. करीम अंसारी गोविंदपुर के अमलाटांड़, विनोद विश्वकर्मा गोविंदपुर के अमरपुर उपर बाजार और शहजाद आलम गोविंदपुर के फकीरडीह का रहने वाला है, जबकि रंजीत कुमार हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र के धमना और अजीत कुमार सिंह चतरा जिला के इटखोरी थाना क्षेत्र के कोनी गांव का रहने वाला है।

## बड़कागांव की निशि पांडेय समर्थकों के साथ भाजमो में हुईं शामिल

# सरयू राय की फाइटिंग स्पिरिट से प्रभावित होकर भाजमो में शामिल हुई हूं: निशि पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बड़कागांव की निशि पांडेय ने अपने समर्थकों के साथ गुरुवार को भारतीय जनतंत्र मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता पार्टी के संरक्षक और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने दिलायी। सदस्यता पर्ची पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने काटी। सदस्यता ग्रहण करने के बाद निशि पांडेय ने कहा कि सरयू राय से ज्यादा ईमानदार राजनेता और मुद्दों की राजनीति करने वाला शख्स मैंने आज तक नहीं देखा। राय सर जिस मुद्दे को उठाते हैं, उसे अंजाम तक जरूर पहुंचाते हैं। इसी फाइटिंग स्पिरिट से प्रभावित होकर मैंने भारतीय जनतंत्र मोर्चा ज्वाइन किया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बड़कागांव क्षेत्र में कोई




घर ऐसा नहीं होगा, जहां भाजमो के लोग नहीं होंगे। हम लोग पार्टी का प्रचार-प्रसार अपनी क्षमता से बढ़ कर करेंगे।

पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि निशि पांडेय के पार्टी ज्वाइन करने से एक पॉजीटिव वेब का निर्माण हुआ है। सामाजिक कार्यों में बड़कागांव में सदैव लगी रहती हैं। पार्टी ज्वाइन करने के बाद न सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा, बल्कि विधानसभा चुनाव में लोगों को लोहे के चने चबाने पड़ेंगे। इस अवसर पर मंच संचालन मोर्चा के महामंत्री आशीष शीतल मुंडा ने किया, जबकि आभार शिवानी लता ने जताया। अशोक ठाकुर, संतोष पांडेय, शंभू शिंघो सदस्य बना रहे थे। इस मौके पर अशोक मुंडा, अभिजित सोरेन, अवधेश किशोर कांत, अमित नायर, सुरजीत गुप्ता, श्रवण कुमार, विक्की महतो, लव कुमार, विबगल कुशवाहा, सुनील कुमार नायक, एमडी सराफ, धनंजय कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार सिंह, सरवन कुमार, अमरनाथ सिंह, कुश कुमार, शिवू डांगी, अमित साव, बाबू मंडल, अश्विनी कुमार सोनी, रानी प्रीति मेहता, रंजीत पांडेय, चुन्नू सिंह, दिनेश सिंह, प्रवीण सिंह, एम प्रवेश पांडेय, किरण तिवारी, संतोष श्रीवास्तव, मिथिलेश कुमार तथा अवधेश सिंह आदि ने भी पार्टी की सदस्यता ली।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं.MSM-ACWP-SBP-18-23

कार्य का नाम : टर्नकी (Turnkey) के आधार पर कोचिंग डिपो/सम्बलपुर में पांच वर्षों के वार्षिक रख-रखाव ठेका (AMC) सहित दो वर्षों की वारंटी के साथ ऑटोमैटिक कोच वॉशिंग प्लांट की डिजाइन, आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण एवं शुरुआत।

कार्य की अनुमानित लागत : रु 2,06,65,000/-, EMD: रु. 2,53,300/-, कार्य पुरा होने की अवधि : 90 महीने।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.10.2023 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर, सम्बलपुर
PR-594/O/23-24

# आजसू पार्टी विनोद बिहारी महतो की 100वीं वर्षगांठ पर राज्य भर में 100 सभाओं का आयोजन करेगी

# पार्टी का महाधिवेशन नहीं, बल्कि झारखंड के माटी और मनुष्य का महाधिवेशन होगा: डॉ देवशरण

**महाधिवेशन में देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक होंगे शामिल**

**आजसू पार्टी का मिलन समारोह संपन्न, जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम पार्टी में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 23 सितंबर को स्व विनोद बिहारी महतो की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजसू पार्टी पूरे राज्य में 100 सभाओं का आयोजन करेगी। इन सभाओं में बिनोद बिहारी महतो के पढ़ो और लड़ो के सिद्धांत और उनके द्वारा



झारखंड अलग राज्य निर्माण में किये गये संघर्षों को याद किया जायेगा और राज्य के वर्तमान परिदृश्य पर उनके प्रासंगिक मूल्यों पर चर्चा की जायेगी। इन सभाओं की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। उक्त जानकारी पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी।

उन्होंने कहा कि महाधिवेशन की तैयारी के लिए सभी विधानसभा प्रभारियों को इस आयोजन की जिम्मेदारी दी गयी है। डॉ देव शरण भगत ने तीन दिवसीय महाधिवेशन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 29 सितंबर को उद्धघाटन सत्र में झारखंड के सभी अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जायेगी और झारखंड आंदोलनकारी आजसू के पूर्व नेतृत्वकर्ताओं को सम्मानित किया जायेगा। महाधिवेशन में राज्य के सभी 32 हजार गांवों के लोग शामिल होंगे। आयोजन में शामिल होने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गयी है। केंद्रीय महाधिवेशन में कुल नौ विषयों पर अलग-अलग सत्र के जरिए चर्चा की जायेगी। इन सभी विषयों पर चर्चा के लिए संबंधित विषय के विशेषज्ञ शामिल होंगे और अपने विचार रखेंगे। यह महाधिवेशन सिर्फ पार्टी का महाधिवेशन नहीं बल्कि झारखंड के माटी और मनुष्य का महाधिवेशन बने, यह पहल है। जनता की आम राय को एक मंच देने का प्रयास है और जनता की आम राय को एकमत राज्यमत बनाने की पहल है यह महाधिवेशन। महाधिवेशन देश के सभी प्रतिष्ठा शिक्षण संस्थान जैसे आइआइटी, आइआइएम, एनआइटी, बीआइटी और राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षक और छात्रों को भी आमंत्रित किया गया है। झारखंड, बंगाल और ओड़िशा के प्रतिनिधि भी इस महाधिवेशन का हिस्सा होंगे।

## जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने आजसू का दामन थामा

वहीं पार्टी कार्यालय में इससे पहले मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम पार्टी में हुए शामिल। मौके पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में चान्हो जिला परषिद सदस्य आदिल अजीम ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदयस्ता ली। मौके पर उन्होंने कहा कि आज अपने घर वापस आकर अच्छा लग रहा है। पार्टी के आगामी महाधिवेशन में पूरी ताकत से काम करेंगे और क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में लोग इस ऐतिहासिक महाधिवेशन में शामिल हों यह सुनिश्चित करेंगे। मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष भारत कांशी मुख्य रूप से मौजूद थे।

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

(1) ई-निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आरएनसी-23-24-18, दिनांक: 21.09.2023। कार्य का संक्षिप्त विवरण: एक वर्ष के लिए रांची मंडल का टीआरडी विविध रखरखाव ठेका। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 35,75,075.94। जमा बयाना राशि/बोली प्रतिभूति: ₹ 71,500। बंद होने की तारीख और समय: 16.10.2023 को अपराह्न 3.00 बजे।

(2) ई-निविदा सूचना संख्या: टीआरडी-आरएनसी-23-24-19, दिनांक: 21.09.2023। कार्य का संक्षिप्त विवरण: रांची मंडल में एमईए को पूरा करने के लिए स्टेशनों पर सुविधाओं के प्रावधान के चलते ओएचई का रूपांतरण (14 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म ऊँचा करना/विस्तार, 05 स्टेशनों पर आरडीएसओ पीएफ शेड, 02 स्टेशनों पर एफओबी)। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 83,19,601.25। जमा बयाना राशि/बोली प्रतिभूति: ₹ 1,66,400। बंद होने की तारीख और समय: 16.10.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/ बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/ बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। (PR-628)

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 22 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी ने स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह का 63वां स्थापना दिवस स्थानीय श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर प्रातः 5:00 बजे से प्रभात फेरी निकली गई। सजे हुए वाहन में अपने आराध्य भगवान अवधूत भगवान राम जी का चित्र को पूरे श्री बंशीधर नगर में भ्रमण कराया गया। उसके पश्चात 9:00 बजे से विधिवत पूजा अर्चना की गयी। समूह का झंडोत्तोलन संस्था के मंत्री आनंद जायसवाल के द्वारा किया गया। समूह के सभी अनुयायियों ने सामूहिक सफल योनि का पाठ किया। तत्पश्चात सूक्ष्म प्रसाद का वितरण भी किया गया। पूजन एवं सफल योनि का पाठ के बाद दोपहर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव, व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, मंत्री आनंद कुमार जायसवाल, अरुण कुमार जायसवाल, राजेश कुमार जायसवाल, राजेंद्र यादव, सुशील कुमार सिन्हा, नागेंद्र कुमार, अनूप कुमार सिन्हा, प्रशांत सहाय, शिव शंकर प्रसाद, छोटू कुमार रंजन, छोटू जायसवाल, लूलू सिंह, संतोष प्रताप देव, मनोज प्रताप देव, नरेंद्र श्रीवास्तव, श्रवण कुमार, नवनीत कुमार सिन्हा, सोमनाथ प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सगमा में सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस पर सदस्यों ने प्रभातफेरी निकाली



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मकरी सर्वेश्वरी समूह के स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों द्वारा स्थापन दिवस के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी निकाली गई प्रभातफेरी मकरी कुटिया से निकाल कर सोनडीहा बिरवल बैलियां सगमा पुतूर होते हुए पून सर्वेश्वरी आश्रम पहुंची, जहां सबसे पहले शाखा में झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर आश्रम में पूजन आरती व भजन कीर्तन किया गया। मकरी शाखा में आयोजित गोष्ठी में समूह की स्थापना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर समूह के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायंट्स सेवा सप्ताह के अंतर्गत जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा गढ़वा ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन कर छह यूनिट रक्तदान किया गया। जायन्ट्स सहेली के अध्यक्ष रितु जायसवाल के नेतृत्व में सहेली अध्यक्ष रितु जायसवाल ने स्वयं, फेडरेशन आठ की पदाधिकारी सीमा केसरी, सहेली सदस्य वन्दना सोनी, अमृत कुमार, सूर्यकांत कुमार एवं रामचंद्र राम ने रक्तदान किया। रक्तदान के अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि रक्त दान करना पुण्य का काम है। इस अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप आफ गढ़वा सहेली के फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी जायन्ट्स वेलफेयर फेडरेशन आठ की उपाध्यक्ष रीता केसरी विशेष रूप से उपस्थित थीं। रक्तदान शिविर में जायन्ट्स सहेली की पूर्व अध्यक्ष लता गुप्ता, गायत्री गुप्ता, माला केसरी, उपाध्यक्ष संध्या केसरी प्रशासनिक निदेशक रंजना जायसवाल, वित्त निदेशक वीणा केशरी, संगीता गुप्ता, करुणा केशरी, बिमला केशरी, मंजू गुप्ता, वर्षा अग्रवाल, रीना केशरी आदि सदस्य उपस्थित थी।

### रामविलास पासवान सेवा समिति सगमा प्रखंड कमेटी का गठन, मिथलेश पासवान बने अध्यक्ष



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय उत्तरी सोनडीहा के प्रांगण में रामविलास पासवान सेवा समिति गढ़वा के तत्वावधान में सगमा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मिथलेश पासवान अध्यक्ष, पंकज विनय पासवान उपाध्यक्ष, रामलाल पासवान सचिव, सनोज पासवान संयुक्त सचिव, गुलाब पासवान कोषाध्यक्ष, कुमकुम पासवान संरक्षक एवं कमलेश पासवान प्रवक्ता बनाये गये। मौके पर जिला पदाधिकारी सुमेर पासवान, विजय पासवान, जितेंद्र पासवान, टार्जन धर्मेंद्र पासवान, भवनाथपुर प्रखंड प्रभारी बबन पासवान, मेराल प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश पासवान, रमना मीडिया प्रभारी सूरज, अभय, सुनिल, दिनेश, विनय, देवकुमार, विनोद, बुद्धि नारायण, दीपक, गोपाल, नीतीश, अशोक, लालमन, मुरली, पप्पू, नन्दलाल, प्रकाश, सुरेश, जवाहर, नगीना पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** खिलाड़ियों के सम्मान में मंत्री ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम सह भोज का आयोजन

# खेल का हब के रूप में विकसित होगा गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

**बाहर से आये कलाकार एवं स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया**

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान गढ़वा में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं खिलाड़ियों के सम्मान में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा स्थित अपने आवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सह भोज का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विजेता एवं उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ी, पदाधिकारी, गढ़वा में मौजूद सभी खिलाड़ियों सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। बाहर से आये कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मंत्री श्री ठाकुर ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अन्य लोगों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में आयोजित अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट बहुत ही बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सफल आयोजन में आयोजन समिति, सभी जिलों के खिलाड़ी, पदाधिकारी, गढ़वा जिला फुटबाल संघ, एथलेटिक्स संघ, अन्य सभी खेल संघों के पदाधिकारी, सदस्य, जिले के अधिकारी एवं झामुमो कार्यकर्ता सहित स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन सबों के सहयोग से ही इस फुटबॉल महाकुंभ का आयोजन सफल हो पाया है। इसके लिए मैं सभी को बहुत बहुत बधाई और धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि यदि लोगों का इसी तरह से सहयोग मिलता रहा तो भविष्य में और भी बड़े स्तर पर खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा खेल का हब के रूप में विकसित होगा। जिससे गढ़वा की एक अलग पहचान बनेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार पूरे राज्य में खेल एवं खिलाड़ियों को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि राज्य के खिलाड़ी सिर्फ देश में ही नहीं, पूरे विश्व में झारखंड का परचम लहराएं।

मौके पर मुख्य रूप से आईजी राजकुमार लकड़ा, उपयुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, रंका एसडीओ राम नारायण सिंह, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव गुलाम रब्बानी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जितेंद्र सिन्हा, कंचन साहू, आयोजन समिति के सचिव आलोक मिश्रा, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह गढ़वा, एसडीपीओ अवध कुमार यादव, श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केशरी, चंद्रचूड़ सिंह, राजकमल तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता, आशुतोष पांडेय, राजा सिंह, दिलीप गुप्ता, नसीम अख्तर, विकास पांडेय सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मेराल प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के बाद खेमेबाजी शुरू, पक्ष में उतरे 15 पंसस

**सदर एसडीओ को आवेदन देकर प्रमुख के ऊपर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को निराधार व फर्जी बताया**

बलराम शर्मा



**मेराल।** प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी के खिलाफ दिए गए अविश्वास प्रस्ताव के बाद खेमेबाजी शुरू हो गई है। गुरुवार को प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी के नेतृत्व में 15 पंचायत समिति सदस्यों ने गढ़वा सदर एसडीओ को आवेदन देकर अविश्वास प्रस्ताव के लिए दिए गए आवेदन को निराधार बताया है। आवेदन में कहा गया है कि हम सभी सदस्य प्रमुख के कार्यों से संतुष्ट हैं। इनके खिलाफ पूर्व में अविश्वास प्रस्ताव के लिए दिया गया आवेदन निराधार एवं फर्जी है। वह आवेदन फर्जी तरीके से हस्ताक्षर कराकर दिया गया है। प्रमुख पर कमीशन खोरी का आरोप भी निराधार है। प्रखंड में पंचायत समिति सदस्यों की संख्या 26 है जिसमें से हम सभी 15 पंचायत समिति सदस्य प्रमुख के पक्ष में एक साथ खड़े हैं। सदस्यों ने पूर्व में दिए गए फर्जी आवेदक का जांच करा कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। प्रमुख के साथ आवेदन देने वालों में पंसस कृष्ण देव प्रजापति, दिनेश प्रसाद गुप्ता, दुलदुलवा पंसस पति लक्ष्मी विश्वकर्मा सहित 15 सदस्य शामिल थे।

**सभी पंसस होंगे एकजुट, मिल कर करेंगे गलतफहमी दूर : प्रमुख**

अविश्वास प्रस्ताव पर प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि गलतफहमी की वजह से पंसस भटके हुए थे। हम सभी एकजुट हैं बैठकर गलतफहमी को दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बड़ा परिवार में कुछ गलतफहमियां होने पर नाराजगी होती ही है।

## हाइकोर्ट से गोपीनाथ सिंह महिला इंटर कालेज के खिलाफ लोकायुक्त का आदेश खारिज



**गढवा (आजाद सिपाही)।** गोपीनाथ सिंह महिला इण्टर कालेज गढवा के प्राचार्य आनन्द कुमार यादव की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए। झारखण्ड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर व न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की अदालत में सरकार की अनुदान राशि से सम्बंधित एकल पीठ आदेश के खिलाफ अपील पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद खंडपीठ में लोकायुक्त और एकल पीठ के आदेश को खारिज कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि लोकायुक्त ने इस मामले में कालेज प्रबंधन को सुनवाई का मौका नहीं दिया है। यह नैसर्गिक न्याय का उलंघन है। अदालत ने एकलपीठ के आदेश को भी निरस्त कर दिया। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता रुपेश कुमार सिंह ने अदालत को बताया कि गोपीनाथ सिंह महिला इण्टर कालेज गढवा मे सरकार की ओर से मिली अनुदान राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सोनू सिंह ने लोकायुक्त के यहां शिकायतवाद दर्ज कराया था। यह व्यक्ति छद्म नाम से ऐसी शिकायतें दर्ज करा कर उगाही करता है। लोकायुक्त ने अनुदान राशि की वसूली करने और सरकार को कालेज प्रबंधन पर कार्रवाई करने का आदेश दिया था। लोकायुक्त की तरफ से कभी भी कालेज प्रबंधन को अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया गया साथ ही एकतरफा कार्रवाई की गई। लोकायुक्त के आदेश को कालेज के प्राचार्य ने चुनौती दी थी। एकलपीठ से कालेज प्रबंधन को राहत नहीं मिली। इसके बाद डबल बेंच की खंडपीठ में याचिका दाखिल की गई थी।

न्यायालय में छः वर्षों तक चली लम्बी न्यायिक प्रक्रिया में गोपीनाथ सिंह महिला इण्टर कालेज को झारखण्ड हाईकोर्ट की डबल बेंच के आदेश से दोषमुक्त किये जाने पर महाविद्यालय के प्राचार्य आनन्द कुमार यादव सहित शकुन्तला पाल, पूनम कुमारी, नीतू कुमारी, सुषमा कुमारी, पूजा पाठक, सुप्रिया गुप्ता, अफसाना आजमी, नैना कुमारी, पूनम तिर्की, अर्चना कुजुर, सुनीता देवी,अनुराधा कुमारी, आंचल सिंह, मनोरमा कुमारी, सुशीला कुमारी, निहारिका निधि,कल्पना कुमारी, रुपवंती कुमारी, प्रेमलता सिंह, विभा कुमारी, अर्चना सिंह, सीमा कुमारी, कविता देवी, लीला देवी, राजेश गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह, तारकेश्वर प्रसाद, अशोक उरांव सहित समस्त व्याख्याताओं एवं कर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया है साथ ही इसे साजिश पर सच्चाई की जीत बताया है।

## मृतका के घर पहुंचे मंत्री मिथिलेश परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**मंत्री ने सिविल सर्जन को मामले में जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड करके ग्राम निवासी सुनील राम की 22 वर्षीया पत्नी ममता देवी की प्रसव के दौरान हुई मौत की खबर मिलने के बाद गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गुरुवार को मृतका के घर पहुंचे। वहां उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए अनाज एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

मंत्री श्री ठाकुर ने सिविल सर्जन डा. अवधेश सिंह को इस मामले में जांच कर सभी दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही बीडीओ कुमुद कुमार झा को अंबेडकर आवास, पारिवारिक लाभ सहित अन्य सुविधा परिजनों को तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि गांव की सहिया सीता देवी सुनील राम की पत्नी ममता देवी को प्रसव के लिए शहर के सौम्या नामक अस्पताल में ले गई थी। जहां प्रसव के दौरान ममता की मौत हो गई। मंत्री श्री ठाकुर ने बिचौलियागिरी कर निजी अस्पताल में ले जाने वालों के विरुद्ध जांच कर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मौके पर बीडीओ कुमुद कुमार झा, सीओ कुमार मयंक भूषण, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, ताहिर अंसारी, भागीरथी सिंह, फुजैल अहमद, आराधना सिंह, आशुतोष पांडेय, मुखिया नारद तिवारी, अरुण दुबे, नीरज तिवारी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में नये प्रशिक्षुओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन में अभीविन्यास कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता एवं अन्य प्राध्यापकों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने नवागंतुक प्रशिक्षकों को महाविद्यालय के अनुशासन संबंधित नियमों तथा आधारभूत संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक ओमप्रकाश के द्वारा महाविद्यालय के सभी प्रायोगिक कक्ष, शशिकांत सिंह यादव ने एनएसएस से जुड़ी, आनंद कुमार चौबे ने प्रचार माध्यम के द्वारा महाविद्यालय एवं प्रशिक्षुओं के विकास की बात कही। अभिमन्यु शुक्ला के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तृत जानकारी, अशोक कुमार यादव ने बी.एड. के पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी एवं राकेश कुमार सिंह ने पुस्तकालय से संबंधित जानकारी प्रदान की। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन जनार्दन जी ने किया। कार्यक्रम में बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षु सोनम, सौरभ, इस्तखार, शशिकांत, नसीम, चंदन, अर्चना, प्रियंका, पल्लवी एवं पंकज आदि उपस्थित रहे। शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुधीर धर दुबे एवं बी.एन. सिंह आदि उपस्थित रहे।

### जायंट्स ग्रुप गढ़वा ने किया अंगदान महादान पर सेमिनार का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जायन्टस सेवा सप्ताह के तहत आर केवीएस रेहला रोड सोनपुरवा गढ़वा के सभागार में जायंटस ग्रुप गढ़वा के द्वारा अंगदान महादान पर सेमिनार का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता एवं संचालन ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक चंद्रभूषण सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलख नाथ पाण्डेय, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन के उपाध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता, यूनिट 2 के डायरेक्टर मनोज केशरी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओ ने कहा कि अंगदान पर जागरूकता बहुत जरूरी है। अंगदान कर हम एक व्यक्ति के शरीर से आठ-नौ लोगों की जान बचा सकते हैं। इस अवसर पर जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के वित्त निदेशक अशोक केशरी, पूर्व अध्यक्ष ध्रुव केशरी ,पूर्व उपाध्यक्ष मनोज केशरी सन रेडियो, अशोक विश्वकर्मा, अरुण सोनी सहित बीएड कॉलेज के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं की महत्वपूर्ण उपस्थित रही।

**कार्यक्रम :** जीएन कॉन्वेंट स्कूल में परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों को किया गया सम्मानित

# प्रोत्साहन व्यक्तित्व निर्माण में सहायक सिद्ध होता है: एमपी केसरी

**परीक्षा पर चर्चा का मुख्य उद्देश्य बोर्ड के विद्यार्थियों को साहस देना है**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम तथा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को प्रमाण- पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी तथा उपप्राचार्य वसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा का मुख्य उद्देश्य बोर्ड के विद्यार्थियों को साहस देना है। उन्हें बोझिल माहौल से उबारकर,परीक्षा के प्रति भय से निकाल कर उसके उपयुक्त बनाना है।इसी के मद्देनजर रखते हुए समय-समय पर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस खास पहल को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया ह। चूँकि परीक्षा जीवन का एक सहज हिस्सा है। परीक्षा हमारे विकास की यात्रा के छोटे-छोटे पड़ाव माने जाते हैं। ऐसे में इन पड़ावों से बहादुरी से निकलना ही परीक्षा पे चर्चा का मुख्य उद्देश्य माना जाता है। परीक्षा पे चर्चा करने के लिए आमतौर पर एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुनाव होता है। प्रतियोगिता के विजेताओं को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने का मौका दिया जाता है और कुछ विजेताओं पीएम मोदजी के साथ सीधे संवाद करने का अवसर मिलता है।परीक्षा को त्योहार के रूप में मनाने का आगाज किया। वर्तमान समय में शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति सफलता को प्राप्त कर सकता है। ऐसे में विद्यार्थियों को आगे की परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए बोर्ड की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करना बेहद आवश्यक हो जाता है। परीक्षा पे चर्चा के तहत पीएम मोदी जी मे मोटीवेशन जैसे विषयों पर गंभीरता से बात की है। साथ ही पढ़ा हुआ भूल जाना, बोर्ड परीक्षा में तैयारी कैसे करें, बालिका सत्शक्तिकरण जैसे विषयों पर भी संपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं। प्रोत्साहन किसी व्यक्ति या समुदाय द्वारा विशेष क्रिया के लिए अभिप्रेरण का कार्य करता है। यह कर्ता के मनोभाव को उच्च स्थिति की ओर ले जाता है।. उन्नत चेतना एवं अच्छे काम के लिए पारितोषिक आवश्यक है। यह आत्म नियंत्रण और भविष्य में अच्छा करते तथा बनने के लिए अभिप्रेरित करता है। मंच संचालन खुर्शीद आलम के द्वारा जबकि धन्यवाद ज्ञापन नीरा शर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश,मुकेश कुमार भारती, संजीव कुमार, आलोक सिन्हा, नरेन्द्र सिन्हा, अजय कुमार, सरिता दुबे, सुनिता कुमारी, सुषमा तिवारी, निलम केशरी, शिवानी कुमारी,सन्तोष प्रसाद आदि की भूमिका सराहनीय रही।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**e-Procurement Tender Notice**

**Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-11/2023-24**

**Letter no - 1014** **Date :- 21.09.2023**

**Details of Works:-**

| Group No | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of P.C.C Road from Bokaro River Bridge to Birbal Mahto's house in Village + Tola - Basadih, Panchayat - Indra, Block - Churchu, District - Hazaribag | 83.620 | 11 Months |
| 2. | Construction of P.C.C Road and Guard Wall from Balsagra Main Road to Ohdar Tola Via Budhibagi in Village - Budhibagi, Tola - Ohdar, Panchayat- Balsagra, Block - Dari, District - Hazaribag | 97.61180 | 11 Months |
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 05.10.2023 at 03:00 P.M | |
| 2. | Last date/Time for Submission of bids Online | 13.10.2023 up to 05:00 P.M | |
| 3. | Last Date of receipt of bids fee, security and other Documents. | 14.10.2023 up to 03:00 P.M At office of 1. Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag. 2. Superintending Engineer, Minor Irrigation Circle, Hazaribag. 3. District Control Room, Hazaribag | |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 16.10.2023 at 03:00 P.M | |
| 5. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag | |
| 6. (a) (b) | Contact no. of Procurement officer E-mail of e- Procurement officer | 06546-270485 eemidhbg-cemr-jhr@nic.in | |

**Note:- 1.) Only e-Tender will be accepted.**
**2.) Estimated Cost may be increased or decreased.**
Further details can be seen on website **http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,Hazaribag.**

**PR 307463 Minor Irrigation(23-24).D**

## जिला अनुकंपा समिति की बैठक में छह मामलों पर हुई चर्चा



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें पशुपालन विभाग के 02, कल्याण विभाग का 01, शिक्षा विभाग का 01, आयुष कार्यालय का 01 और सिविल सर्जन कार्यालय का 01 मामला समेत कुछ 06 मामलों पर चर्चा हुई और आवश्यक निर्णय लिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी, स्थापना उपसमाहर्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाना ही मेरा लक्ष्य : डॉ रामेश्वर उरांव

> गीत संगीत हमारी संस्कृति है, जिससे हम आगे बढ़ा रहे है। आदिवासी संस्कृति को बचाने से पहले सजाना है।

आजाद सिपाही सवांददाता

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू प्रखंड मुख्यालय में कला संस्कृति, खेल कूद विभाग द्वारा मांदर वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि करमा पर्व लोहरदगा की जनता धूमधाम से मनायें। इसको लेकर त्योहार से पूर्व मांदर वितरण किया जा रहा है। जिससे आदिवासी समाज अपने संस्कृति और सभ्यता को दिखाते हुये खुशियों के साथ मनाएं। लोहरदगा की ग्रामीण जनता और लोहरदगा का विकास हो इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना है। गीत संगीत हमारी संस्कृति है, जिससे हम आगे बढ़ा रहे है। आदिवासी संस्कृति को बचाने से पहले सजाना है। अखड़ा आदिवासियों का धरोहर हैं हमारे विधायक मद से पूरे लोहरदगा विधानसभा में आदिवासी बहुल क्षेत्र में अखंडा का निर्माण लगभग 100 से अधिक निर्माण किया।



जिला प्रशासन के द्वारा आदिवासी बहुल गांव के अखड़ा में सोलर लाइट निर्माण किया जायेगा। आम गरीब जनता के लिए की 20 लाख राशन कार्ड कार्ड बनाया गया। बच्चो के लिए आंगनबाड़ी में गर्म कपड़ा का वितरण किया जा रहा है ताकि आम ग्रामीण जनता का कल्याण हो सके। मौके पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कुमार, डीएसओ नारायण राम, खेल पदाधिकारी उत्पल बाड़ा, हाजी सदरूल, कुडू प्रमुख ऐनुल अंसारी, शुसिल, संगीता, रौनक इकबाल, मुनि, विशाल डुंगडुंग, असलम आदि पार्टी कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# हमारी सरकार युवक युवतियों को हुनरमंद बना कर रोजगार मुहैया कराने में प्रतिबद्ध है: सत्यानंद भोक्ता



> मंत्री ने हजारों युवक युवतियों को विभिन्न निजी संस्थानों का ऑफर लेटर प्रदान किया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार राज्य के लोकप्रिय माननीय मंत्री सत्यानंद भोक्ता एक दिवसीय दौरे पर लातेहार पहुंचे। इस दौरान माननीय मंत्री श्री भोगता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत लातेहार जिले के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन स्टेशन रोड में आयोजित कौशल उत्सव सह प्लेसमेंट ड्राइव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। माननीय मंत्री श्री भोक्ता ने कार्यक्रम का फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। इसके उपरांत माननीय मंत्री ने हजारों युवक युवतियों को विभिन्न निजी संस्थानों का ऑफर लेटर प्रदान किया। साथ ही श्रम विभाग के द्वारा चयनित लाभुकों के बीच परिसंपतियों का भी वितरण किया। मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर काफी गंभीर है। पूरे राज्य में ऐसे आयोजन कर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। शिक्षित अशिक्षित युवक, युवतियों को पहले प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बना रही है और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करा रही है। उक्त कार्यक्रम में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन के अलावा जिला के कई अधिकारी और गणमान्य मौजूद रहे।

## 15वें वित्त आयोग से पंचायतों के लिए मिला 672 करोड़

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। 15वें वित्त आयोग से झारखंड को 672 करोड़ की राशि देने की मंजूरी मिल गयी है। सूत्रों के अनुसार राशि भी राज्य सरकार को प्राप्त हो गयी है। यह राशि 15वें वित्त आयोग के पहली किस्त के रूप में मिली है। इस वर्ष करीब 1300 करोड़ रुपये की राशि मिलनी है, जिसमें से 50 फीसदी से अधिक राशि केंद्र ने मंजूर कर दी है। अब इस राशि से पंचायती राज संस्थाओं में विकास कार्य किए जायेंगे। त्रिस्तरीय पंचायतों के बीच राशि आवंटित की जायेगी। बता दें कि, कई आपत्तियों को दूर करने के बाद भारत सरकार ने राशि निर्गत करने की स्वीकृति दी है। पहले का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी जमा कराया गया था।

## जनकल्याकारी और विकास योजनाओं के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी: प्रमुख श्रीराम



कैरो लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव की अध्यक्षता में हुई। मौके पर प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि जनकल्याकारी और विकास योजनाओं के प्रति लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा ही ऐसी शिकायती मिल रही है कि जनवितरण प्रणाली दुकानदार पहले ही अंगूठा लगाव लेते हैं और बाद में राशन का वितरण करते हैं जबकि अंगूठा लगाने के साथ ही राशन देने का प्रवधान है। उप प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा खेलो झारखंड के अंतर्गत आयोजित परखंड स्तरीय खेल कूद कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी की गयी है। कार्यक्रम के बारे में प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य मुखिया किन्ही को कोई सूचना नही दिया गया। पंचायत समिति सदस्य सुनीता लकड़ा ने कहा राजकीय मध्य विधालय में शिक्षकों की कमी व गनवताविहीन नाडेप निर्माण पर आपत्ति जतायी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह पदेन सचिव पवन कुमार महतो, अंचल पदाधिकरी कमलेश उरांव, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र उरांव, सिमा भगत, पशुचिकित्सा पदाधिकरी अनिल कुमार, निभा तिर्की, गुहा उरांव, रोशन, अमन शिखर, शातिष, प्रदीप आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने रेंजर को सौंपा ज्ञापन

चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा पिछले कुछ वर्षो से क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक बरकरार है। अब तक हाथियों ने कई लोगों को कुचलकर मार डाला है। विभिन्न गांवों में हाथियों ने आतंक मचा रखा है। अब तक कई घरों को ध्वस्त कर चुका है। घर में रखे अनाज खा जाता है और सामान को नुकसान पहुंचाते हुए खेत में लगे फसलों को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। इन्ही परिस्थितियों से निजात पाने के लिए चकला पंचायत के जंगलों के किनारे बसे लोगों नें वन प्रमंडल पदाधिकारी लातेहार के नाम वन क्षेत्र पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है जिसमें कहा है की आदिवासी समुदाय के लोग इस क्षेत्र मे रहकर खेती बारी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। हाथियों का झुंड रह रह कर तबाही मचा रहा है। इन्ही समस्याओं से निजात दिलाने कि मांग कि है जिसकी प्रतिलिपि विधायक बैद्यनाथ राम, जिला परिषद सदस्य चंदवा पूर्वी तथा पश्चिमी के अलावे प्रखंड प्रमुख चंदवा को दिया है। ज्ञापन देने वालों में हरिकुमार भगत, उद्देश्वर भगत, अरुण भगत समेत दर्जनाधिक लोग शामिल थे।

## तिसिया आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया पोषण माह, करायी गयी गोदभरायी



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया आंगनबाड़ी केंद्र में बाल विकास परियोजना किस्को और पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को पोषण माह मनाया गया। इस बीच अतिथियों के द्वारा पोषण से संबंधित जानकारी देते हुए कहा गया कि बरसात के दिनों में हमेशा उबला हुआ पानी पीना, ताजा भोजन उपयोग में लाना, हरी सब्जियां खाना सहित साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने से मौसमी बीमारियों से लड़ने की शक्ति प्रदान होती है। कहा गया कि आसपास के गंदगी को हमेशा गड्ढा में डालें ताकि बीमारियों से छुटकारा पाया जा सके। मौके पर मुखिया फुलमानी देवी, पीरामल फाउंडेशन के एकराम खान, महिला पर्यवेक्षिका मालती कच्छप, विजय सिंह, समाजसेवी रंथू उरांव सहित कई केंद्रों की सेविका और माताएं मौजूद थे।

## बीएस कॉलेज में आजसू का स्टूडेंट कमेटी का गठन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) द्वारा महाविद्यालय बीएस कॉलेज, लोहरदगा में महाविद्यालय प्रभारी आशीष कुमार साहू की अध्यक्षता में महाविद्यालय के स्टूडेंट कमेटी का गठन किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्रभारी आशीष कुमार साहू, अध्यक्ष आयुष कुमार मेहता, महासचिव आकाश मेहता, उपाध्यक्ष ऋतिक वर्मा, आकाश तिग्गा, सचिव विवेक चौधरी, उत्तम साहू, सह सचिव अंजली, दिव्या कोषाध्यक्ष अंजलि साहू मीडिया प्रभारी सह सोशल मीडिया प्रभारी सोनू राजकुमार को बनाया गया है। बताया गया कि 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आजसू के केंद्रीय महाधिवेशन होना तय हुआ है।

# संवेदक और विभागीय लापरवाही से किस्को सेमरडीह मुख्य पथ विद्यार्थियों के लिए बना मौत का डगर

> किस्को मुख्य चौक से सेमरडीह होते हुए बानपुर तक बनाई जा रही सड़क विद्यार्थियों और राहगीरों के लिए हो रहा है जानलेवा साबित

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को मुख्य चौक से प्रखंड मुख्यालय को जोड़ते हुए सेमरडीह, छेछरा नवाडीह, डटमा और बानपुर तक बनाई जा रही 6.70 किलोमीटर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कालीकरण सड़क संवेदक और विभागीय लापरवाही के वजह से विद्यार्थियों और आमजनों के लिए मौत का डगर बन गया है। यहां पर बता दें कि प्रतिदिन उक्त उखड़-खाबड़ सड़क से सेमरडीह, छेछरा नवाडीह, डटमा, बानपुर, बंजारी, केकरांग, रोरद सहित अन्य गांवों के लगभग 5 हजार से भी अधिक विद्यार्थी किस्को के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ाई करने आना-जाना करते हैं जिससे हर वक्त विद्यार्थियों के बीच दुर्घटना का आलम बना हुआ रहता है, परंतु संवेदक और विभागीय पदाधिकारियों की आंखों से काली पर्दा हट नहीं रहा है। उल्लेखनीय है कि विगत तीन महीने पहले बानपुर से सेमरडीह व किस्को तक सड़क को संवेदक के द्वारा खोदकर आधा अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे आये दिन कितने विद्यार्थी और राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि उक्त सड़क में काम करने वाले मजदूरों को अभी तक मजदूरी भुगतान भी नहीं दिया गया है जिससे मजदूरों में संवेदक के प्रति आक्रोश व्याप्त है।



**ग्रामीण संवेदक बदलने को ले मिलेंगे डीसी और संबंधित विभाग से:** लोहरदगा के किस्को मिडिल स्कूल के पश्चिमी छोर से प्रखंड मुख्यालय होते हुए सेमरडीह बानपुर कालीकरण पथ का निर्माण कार्य करा रहे संवेदक अजमल अंसारी के कार्यों से खफा होकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और संबंधित विभाग के आलाधिकारी से मिलकर संवेदक को बदलने की मांग रखे जाने की बात कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार संवेदक और संबंधित विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों के मिलीभगत से सड़क निर्माण कार्य अधर में पड़ा हुआ है जिसका खामियाजा क्षेत्र के भोले भाले जनता झेल रहे हैं।

# संत जेवियर महाविद्यालय महुआडांड़ में रिसर्च और इनोवेशन पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड।** ऑस्ट्रेलिया से आये डॉ शिवकुमार तथा फादर रॉबर्ट सेलेटरी दो महान विद्वानों ने संत जेवियर महाविद्यालय में अनुसंधान और नवाचार में शैक्षणिक उत्कृष्ट पर अपने-अपने विचार साझा किया। इस सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ शिवकुमार और फादर रॉबर्ट सेलेटेरी ने अपने अनुसंधान के क्षेत्र में किये गये नवाचार के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने महाविद्यालय के छात्रों को आत्मनिर्भरता, अद्भुत विचारधारा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन के महत्व के बारे में प्रेरित किया जिससे छात्रों को अनुसंधान में अधिक रुचि और जागरूकता विकसित हो सके। जो भविष्य में उनके करियर के विकास में मददगार साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से शिक्षा का वैश्वीकरण किया जा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य फादर डॉ एमके जोंस ने स्वागत अभिभाषण के दौरान कहा की हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रत्येक वर्ष शत-प्रतिशत रिजल्ट देते हैं। जो कि इस महाविद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्ट का एक प्रतीक है। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अद्वतीय और योगदान के साथ-साथ अनुसंधान का महत्व भी बढ़ रहा है। फादर डॉ राजीप ने अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के विषय की जानकारी देते हुए इस अद्वतीय सेमिनार के माध्यम से यह आयोजन एक नई शिक्षा के माध्यम से ज्ञान का विस्तार करने का अवसर प्रदान करता है। इसी के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य तथा मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात स्वागत गाण तथा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन फादर डॉ समीर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सिस्टर कैशलीन जूलियट, जफर इकबाल, रीमा रेणु, खुर्शीद खान, अमृत मिंज, अविनाश यादव आदि समेत अन्य गणमान्य प्रोफेसर और शिक्षेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित थे।




### उपायुक्त की अगुवाई में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की हुई बैठक, अधिकारियों को मिला दिशा निर्देश

# 15 दिनों के भीतर कार्य प्रगति का प्रतिवेदन समर्पित करने का डीसी ने दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरूवार को आत्मा गवर्निंग बोर्ड, राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन, कार्यकारिणी समिति और समेकित बिरसा ग्राम योजना-सह-कृषक पाठशाला आदि बिंदुओं को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुडू प्रखंड में समेकित बिरसा ग्राम योजना-सह-कृषक पाठशाला के कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी जिस पर असंतोष व्यक्त किया गया। इसमें सिटीजन फाउण्डेशन, रांची जो कार्य एजेंसी है, उसे 15 दिनों के अंदर कार्य में प्रगति लाते हुए प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। स्मार्ट एग्री ग्राम योजना अंतर्गत चयनित ग्राम में सीआरपी का चयन में नियमानुसार प्रक्रिया अपनायी गई है या नहीं, इसके लिए जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी और परियोजना निदेशक को जांच कर प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में आत्मा परियोजना अंतर्गत संचालित जिला प्रसार कार्य योजना-2023 की समीक्षा की गयी। कृषि कार्यालय की ओर से एनएफएसएम के वार्षिक कार्य योजना पर अनुमोदन हेतु प्रस्ताव समर्पित किया गया। कृषि विभाग की समीक्षा में वर्षापात, धान की बुआई, वैकल्पिक फसल बीज वितरण, कृषि ऋण माफी, केसीसी, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम कुसुम योजना की समीक्षा की गयी। साथ ही, जो किसान धान की बुआई नहीं कर सके उनके लिए वैकल्पिक फसल का बीज उपलब्ध कराने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लाभुकों का लक्ष्य दिये जाने का निदेश दिया गया। 15 दिनों में बुआई का अधिक से अधिक उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया। मौजूदा वित्तीय वर्ष में पीएम कृषि सिंचाई योजना और पीएम कुसुम योजना में लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्त आवेदन व उपलब्धि की जानकारी जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा दी गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, एलडीएम, उप निदेशक आत्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक समेत बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## 7 सितंबर को बरवाडीह में होगी बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। झारखंड बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का 18 सितंबर को मनिका विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह में होने वाले संकल्प यात्रा अपरिहार्य कारणों से स्थगित होने के बाद एक बार फिर से प्रदेश कमेटी के द्वारा संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है।जिसके तहत बाबूलाल मरांडी आगामी 7 अक्टूबर को मनिका विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह में संकल्प यात्रा करेंगे। संकल्प यात्रा की जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने बताया कि संकल्प यात्रा पूरे राज्य भर में सफल हो रही है।जिसके तहत मनिका विधानसभा में भी संकल्प यात्रा सुनिश्चित हुई है।जिसकी तैयारी प्रदेश से लेकर मंडल स्तर पर की जा रही है।जहां संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भी पार्टी कार्यकताओं में ऊर्जा भरने के साथ-साथ राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ भी आवाज बुलंद करेंगे।

## तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन लाल बादशाह जिदो की टीम विजयी घोषित



कुडू/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू प्रखंड के बारीडीह गांव में सेवन स्टार फुटबॉल क्लब बारीडीह के तत्वावधान में तीन दिवसीय इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में लाल बादशाह जीदो की टीम 2 - 0 से टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि नेसार अहमद, विशिष्ट अतिथि कुडू थाना के प्रभारी विश्वजीत सिंह, महासचिव सलीम अंसारी बड़े, जिला बीस सूत्री समिति सदस्य संगीता उरांव, युवा कांग्रेस के लोहरदगा विधानसभा अध्यक्ष संजर अंसारी उपस्थित थे। मौके पर नेसार अहमद ने कहा कि फुटबॉल का खेल इस क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। यदि खिलाड़ी इसे फीफा के नियमों और अनुशासित ढंग से खेलेंगे और निरंतर अभ्यास करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। मौके पर लाल विकास, राकेश कुमार गुप्ता, रफीक, तारिक अनवर, कमरूल इस्लाम, मोहम्मद नसीम, मुनीम समेत हजारों की संख्या में दर्शक और ग्रामीण मौजूद थे।

## अभियान चलाने का उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण के बारे में लोगों को जागरूक करना: डॉ आशीष रंजन



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। परिवार कल्याण दिवस प्रत्येक माह 21 तारीख को मनाया जाता है।इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और हेल्थ एंड वैलैंट सेंटर पर परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता अभियान चलाने समेत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ आशीष रंजन ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अभियान का उद्देश्य जनसंख्या वृद्धि को रोकना है। अभियान के तहत रैली निकालकर दो बच्चा, सुखी परिवार का संदेश दिया जायेगा। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ.अनुपमा एक्का बीटीटी, सहिया साथी,लालमुनि देवी, मीना देवी, लीलावती देवी परिवार नियोजन से संबंधित कर्मी पूजा कुमारी ज्योति कुमारी, सोनाली कुमारी पूनम कुमारी मौजूद थे।

## करमा प्राचीनतम धर्म है आदिवासी समाज के सभी लोग इसे बचाने का प्रयास करें : चमरा लिंडा



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत कंडरा स्थित लुड़कुड़िया विद्यालय के मैदान में आदिवासी रीति रिवाज के साथ धूमधाम से करमा पर्व पूर्व संध्या मनाया गया। करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँवों से लगभग 100 से अधिक खोड़हा दल पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ आदिवासी महिला पुरुष शामिल हुए। करमा पर्व पूर्व संध्या कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिशुनपुर विधायक चमरा लिंडा द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि विधयक चमरा लिंडा ने कहा कि करमा आदिवासीयों का बहुत ही प्राचीनतम त्यौहार है। आदिवासी समाज के लोग इसे बचा मर रखे अपना पर्व त्यौहार को संरक्षित करना और पहान पुजार तथा समाज के अगुवा का कर्तव्य अपना धर्म सांस्कृति को बचाये रखना और जिसे आदिवासी समाज के लोग आगे बढ़ सकेंगे धर्म कर्म ही समाज का पहचान होता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव, मुखिया पार्वती उराँव के अलावे मनीष उराँव, सुमती उराँव, फूलदेव, सुनीता, मुन्ना, संदीप, पुष्पा, विजय उराँव,समीर उराँव सहित आदिवासी समुदाय के बालक बालिका और महिला पुरुष उपस्थित थे।

# शिविर में गुरुकुल के 30 विद्यार्थियों ने किया रक्तदान



**गुरुकुल देता है अच्छी शिक्षा के साथ युवाओं को अच्छे कार्यों की प्रेरणाः रविंद्र सिन्हा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला मुख्यालय डीएसपी रोड स्थित गुरुकुल कोचिंग संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गुरुकुल शिक्षण संस्थान के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया। मौके पर गुरुकुल के निदेशक रविन्द्र सिन्हा ने कहा कि गुरुकुल का उद्देश्य अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ विद्यार्थियों को हमेशा जनहित के कार्य करने को प्रेरित करता है। गुरुकुल के प्रयास से पूरे वर्ष जब भी मरीजों को आवश्यकता पड़ती है उन्हें रक्त उपलब्ध करवाने का हरसंभव प्रयास किया जाता है। साथ ही विगत 12 वर्षों में अनेक बार शिविर के माध्यम से ब्लड बैंक के रक्तकोष में मरीजों के हित में रक्तदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सारे युवाओं को रक्तदान करने का संकल्प अवश्य करना चाहिए। मौके पर संस्थान के निदेशक रविन्द्र सिन्हा, शिक्षक रोहित कुमार, निलेश कुमार, अनूपा कुमारी, अंकित भगत सहित अनेक विद्यार्थी जिनमें दुर्गा भगत, विनय कुमार सिंह, सुदर्शन साहू, शिवा राम, विजय कुमार लकड़ा, सुनील मिंजवार, राज बैठा, राम कुमार साहू, बुधेश्वर भगत, बेनेडिक धनवार, विशाल कुमार, मुकेश गोप, अजय गोप, राफेल कुजूर, अनूप कुमार साहू, अंकित केरकेट्टा, कवर उरांव, अनूप डुंगडुंग, हर्ष कुमार, साक्षी एक्का, प्रतिमा कुमारी, प्रीति कुमारी, विशाल साहू ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के शिक्षक, मनमोहन प्रसाद, विजय कुमार, मनोहर भगत सहित सदर अस्पताल के लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, संगीता कुजूर, डेविड बाड़ा, रामू नायक की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# गुमला में धूमधाम से मनाया गया श्री सर्वेश्वरी समूह का 63 वां स्थापना दिवस



**गुमला (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह प्रार्थना गृह में समूह का 63वां स्थापना दिवस तथा अघोराचार्य महाराज श्री बाबा कीनाराम जी का जन्मोत्सव लोलार्क षष्ठी का पर्व संयुक्त रुप से सौल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुरूआत अहले सुबह समूह के सदस्यों ने नगर का परिभ्रमण कर प्रभातफेरी से की गयी। प्रभातफेरी के पश्चात आश्रम के प्रागंण में ध्वजारोहण, गुरुपूजन, आरती और सफलयोनि का पाठ किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में समाज एवं राष्ट्र के प्रति श्री सर्वेश्वरी समूह का योगदान विषयक गोष्ठी का शुभारंभ नम्रता सिन्हा द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से हुआ। वक्ता के रुप में समूह के वरीय सदस्य त्रिलोकी नाथ सिन्हा, रामबली विश्वकर्मा, शंकुतला देवी सहित नंद कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा तथा दीक्षा कुमारी द्वारा समूह के स्थापनाकाल से लेकर अब तक के कार्यो की जानकारी देते हुए मूल उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन समूह की गुमला शाखा के मंत्री विपिन सिन्हा द्वारा किया गया। मंच का संचालन भोलानाथ दास ने किया। मंचीय कार्यक्रम के दौरान ही समूह के वरिष्ठजनों क्रमशः त्रिलोकी नाथ सिन्हा,रामबली विश्वकर्मा तथा शकुंतला देवी को अंगवस्त्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।इसके पश्चात धर्मबंधुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समूह की स्थापना दिवस तथा अघोराचार्य महाराज श्री बाबा कीनाराम जी के जन्मोत्सव समारोह का समापन सायंकाल में अघोरान्ना परोमंत्र संकीर्तन के साथ हुआ।

# गुमला एसपी ने भरनो और करंज थाना का किया औचक निरीक्षण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** गुमला एसपी हरविंदर सिंह ने बुधवार की रात भरनो थाना और करंज थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में थाना प्रभारी कृष्णा तिवारी और करंज थाना प्रभारी आशीष भारती को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं लंबित कांडों का जल्द निष्पादन, क्षेत्र में नियमित गश्ती के अलावा संधारित पंजी का अवलोकन किया। वहीं क्षेत्र के रूट व गतिविधि की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में एसपी ने अपराध नियंत्रण को लेकर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**कार्यक्रम :** राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने के बाद गुमला आगमन पर नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित

# स्पोर्ट अकादमी और हमदर्द पंचायत ने एसडीपीओ मनीष को किया सम्मानित

**एसडीपीओ ने कहा- गुमला जिला एक फूलों के गमले की तरह है जिसकी मिसाल आज स्पोर्ट अकादमी और हमदर्द पंचायत ने पेश की है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित गुमला के एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल के गुमला आगमन पर स्पोर्ट एकेडमी गुमला एवं हमदर्द पंचायत ने संयुक्त रूप से नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया। यह समारोह थाना रोड स्थित स्पोर्ट अकादमी के कार्यालय सैयद जुन्नू रैन के आवासीय परिसर में आयोजित हुआ। एसडीपीओ मनीष चंद्र को पुष्प गुच्छ, शॉल एवं मोमेंटो देकर अंजुमन इस्लामिया के सदर सैयद मुशाहीद आजमी ने सम्मानित किया। साथ ही गुमला जिला के स्पोर्ट अकादमी के खिलाड़ी हज और उमरा से लौटे मोहम्मद शमीम वारसी, जुबेर अंसारी फैयाज अनवर, आताउल रहमान, खिलाड़ियों में सैयद शायान होदा, असर अब्दीन, तौफीक अंसारी, अरिब आबदीन, ऐयान आबदीन, डाक्टर ए. एच खान को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर र एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने कहा के गुमला जिला एक फूलों के गमले की तरह है जिसकी मिसाल आज स्पोर्ट अकादमी और हमदर्द पंचायत ने पेश की है। आपसी भाईचारगी और सौहार्द इस शहर के लोगों के खून में मौजूद है। दिल्ली में राष्ट्रपति पुरस्कार मिला पर उससे ज्यादा खुशी मुझे गुमला के लोगों ने प्यार मिलने से मिली। मैं इसे अपनी जिंदगी में हमेशा याद रखूंगा।

सदर अंजुमन सैयद मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू ने कहा कि यह एवार्ड गुमला जिला के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर स्पोर्ट अकादमी के सचिव सैयद जुन्नू रैन ने कहा के आज मुझे बेहद खुशी हो रही है कि एक ऐसा पुलिस ऑफिसर जिसने पुलिस विभाग और गुमला की मान मर्यादा को काफी बढ़ाया है, और गुमला जिला जैसे शांतिप्रिय जिले को राष्ट्रीय पटल पर लाया है, वो हमारे बीच मौजूद है। उन्होंने एसडीपीओ की खूब सराहना की।

मौके पर गुमला थाना प्रभारी मनोज कुमार, हमदर्द पंचायत के सदर मोहम्मद करीम उर्फ कल्लू, सचिव मोहम्मद शमीम वारसी, बीस सूत्री के सदस्य आशिक अंसारी, मोहम्मद मुस्लिम, मोहम्मद नैयर जमील, सरफराज कुरैशी, एजाज, मुमताज क्राउन, हाजी अलेहसन, हाजी अन्नू, मोहम्मद चिंटू, हाजी मोहम्मद सलीम सहित काफी लोग मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन हाफिजुर रहमान ने किया।

# सहियाओं का आशा प्रमाणीकरण प्रशिक्षण सह मूल्यांकन का ऑनलाइन आयोजन

**ऑनलाइन परीक्षा में गुमला 134 सहिया हुईं शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** एनएचएम और एनआईओएस के संयुक्त तत्वावधान में सहियाओं का आशा प्रमाणीकरण प्रशिक्षण सह मूल्यांकन का ऑनलाइन आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण सह मूल्यांकन जिला के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सह मूल्यांकन में गुमला जिले के 134 सहिया बहनें शामिल हुईं। सहिया कार्यक्रम के राज्य प्रशिक्षक दल श्रीमती आरती श्रीवास्तव ने बताया कि एन एच एम और एन आई ओ एस द्वारा हर तीन माह में सहिया प्रमाणीकरण प्रशिक्षण सह मूल्यांकन का आयोजन किया जाता है। इस निमित्त सितम्बर सत्र में गुमला जिले से 134 सहिया बहनों का आवेदन स्वीकृत किया गया था। जिसका आज सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राज्य एन एच एम के समुदाय उत्प्रेरण कोषांग और एन आई ओ एस द्वारा संयुक्त रूप से आनलाइन बाह मूल्यांकन लिया गया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत बीटीटी द्वारा आफलाइन मोड में आंतरिक मूल्यांकन किया गया। श्रीमती श्रीवास्तव ने बताया कि वाह मूल्यांकन 40 नम्बर का है जिसमें 24 नम्बर लाना अनिवार्य है। वहीं बाह मूल्यांकन 30 नम्बर का जिसमें 18 नम्बर लाना अनिवार्य है। वाह मूल्यांकन में सहिया बहनों को हैंड वाश, ओआएएस, निश्चय कीट से गर्भ का पता लगाना, थमार्मीटर से बुखार जांचना, नवजात शिशु का वजन करना और नवजात शिशु को गर्म रखने के लिए कम्बल में लपेटा आदि कौशल का परीक्षा लिया गया। श्रीमती श्रीवास्तव ने बताया कि इसके अतिरिक्त आगामी 24 सितम्बर को केंद्रीय विद्यालय, गुमला में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस आंतरिक और बाह्य मूल्यांकन और लिखित परीक्षा में पास होने से सहिया बहनों को प्रोत्साहन के रूप में एक मुस्त पांच हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। आज के प्रशिक्षण सह मूल्यांकन में गुमला जिले से 134 सहिया बहनों को शामिल कराया गया है। इस प्रशिक्षण सह मूल्यांकन को सफल बनाने में बसिया से ममता देवी, देवेश कुमार, भरनो से प्रिया केरकेट्टा, शुभेश्वर सिंह, बिशुनपुर से सुशांतिधारी किंडो, विरेन्द्र उरांव, चैनपुर से जीवंती कुमारी, जयमंती तिर्की, डुमरी से एजरस एक्का, शांता टोप्पो, घाघरा से बबीता देवी, सीमा देवी, कामडारा से चिंता देवी, बबीता देवी, पालकोट से मो0 रिजवान, पदमा कुमारी, रायडीह से बालमुकुंद भगत, सुमन कुजूर, सदर गुमला से उमा देवी, रोजालिया कुजूर और सिस ई से लीलन कुमारी, सिलवंती मिंज ने योगदान किया। पूरे मूल्यांकन की देखरेख जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आनंद और राज्य प्रशिक्षक दल रामाकांत द्वारा किया गया।

# ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलंबी सहकारी समिति ने एक वर्ष में किया 26 कड़ोड़ रुपये का व्यवसाय

**जिला के 5 प्रखंडों के 1100 महिलाओं के साथ 2564 मैट्रिक टन मुर्गी बाजार में बेची गयी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** ग्रामीण पोल्ट्री स्वावलंबी सहकारी समिति लि. की 21वीं वार्षिक आम सभा का आयोजन गुरुवार को किया गया। बख्तर साय मंडल सिंह स्मृति भवन, गुमला में आयोजित इस आम सभा में बतौर मुख्य अथिति जिला परिषद अध्यक्ष, किरणमाला बाड़ा व अतिथियों में जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, प्रदान गुमला, संघ (रांची) से आए प्रबंधक एवं उत्पादन प्रबंधक, समिति के अध्यक्ष व प्रबंधक मौजूद थे। वित्तीय वर्ष 2022-23 में समिति के द्वारा लगभग 2564 मैट्रिक टन मुर्गी बाजार में बेच कर लगभग 26 कड़ोड़ रुपए का व्यवसाय किया गया। वर्ष भर में समिति ने लगभग 2 करोड़ रुपए सदस्यों के बीच ग्रोवर चार्ज के रूप में बांटा है। वर्तमान में समिति गुमला जिला के पांच प्रखंडों के लगभग 1100 महिलाओं के साथ मुर्गीपालन का काम कर रही है। जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा समिति को गुमला जिला के अन्य प्रखंडों के गरीब महिलाओं को समिति से जोड़ कर मुर्गीपालन का काम को और भी आगे बढ़ाने की बात कही गई। साथ में समिति को अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ने की भी बात कही गयी, जिससे और भी महिलाओं को स्वावलंबी बना सकें। जिला परिषद अध्यक्ष, किरण माला बाड़ा के द्वारा भी सरकार की ओर से चल रही महिला कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सदस्यों को बताया गया एवं मुर्गीपालन कर और आगे बढ़ने के लिए हौसला अफजाई की गयी।

संघ के मैनेजर अखिलेश कुमार वर्मा ने सभी सदस्यों को पोल्ट्री जगत का वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए समिति को और आगे कैसे बढ़ाएं इसकी जानकारी दी।

वार्षिक आम सभा में अध्यक्ष पूर्णिमा देवी, मैनेजर अभिलाष कुमार झा के साथ समिति के कर्मचारी हरकमान बराईक, सत्येंद्र भगत, मोहन साहू, टेकचंद महतो, पलाश मंडल, विश्वजीत बारी, नीलकमल उरांव, सुशील कुजूर व अन्य उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** कार्तिक उरांव महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा पर कवि सम्मेलन का किया गया आयोजन

# जहां पे उसने कदम रखे हैं, वहीं से सूरज निकल रहा है....

**कार्यक्रम में आए कवियों को प्राचार्य ने अंगवस्त्र किया देकर सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** उसी की मुस्कान की बदौलत, यहां का मौसम बदल रहा है, जहां पे उस ने कदम रखे हैं, वहीं से सूरज निकल रहा है। कवि आफताब अंजुम अजहर द्वारा इस पंक्ति को प्रस्तुत करते ही पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। मौका था हिन्दी पखवाड़ा पर कार्तिक उरांव महाविद्यालय द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन का।

कार्तिक उरांव महाविद्यालय के नए बहुद्देश्यीय सभागार में आईक्यूएसी के अन्तर्गत हिंदी विभाग और शिक्षा संस्कृति उत्थान के द्वारा हिंदी पखवाड़ा का अयोजन किया गया था। जिसमें एकदिवसीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य एजे खलखो मौजूद थे। साथ ही हिंदी विभाग के प्रोफेसर जी भवानी रजक की अध्यक्षता में कवि गोष्ठी की गई। इस कार्यक्रम में आए कवियों को प्राचार्य ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और कार्यक्रम का आरम्भ किया। इस कार्यक्रम में छह कवि शामिल हुए। जिसमें रांची से आए कवि डॉ. सुरेंद्र कौर नीलम, वीणा श्रीवास्तव, नरेश बंका व राजीव थेपड़ा तथा गुमला के कवि आफताब अंजुम अजहर, सरफराज कुरैशी व रिजवान असदकी शामिल थे। इन कवियों ने अपनी कविताओं से विद्यार्थियों और शिक्षकों को मोहित किया और हिंदी का पाठ सिखाया। इस कार्यक्रम करने का सिर्फ मात्र एक ही उद्देश्य है कि विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति रुचि जागे और और बच्चो को मोटिवेशन किया जा सके। ताकि बच्चे आगे चलकर हिंदी भाषा को अपनाएं और हिंदी से ही कविता व लेख आदि का सृजन करें। ताकि हमारे राष्ट्रीय भाषा का गौरव बरकरार रहे। अपने घर मुहल्ले में हिंदी भाषा से बात कर हिंदी भाषा का प्रचलन आगे बढ़ने का प्रयास किया जाए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एजे खलको ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है। यह बच्चों के लिए बेहतर साबित होगा और बच्चों को बहुत कुछ सीखने का अवसर भी मिलेगा। कार्यक्रम के समापन के बाद हिन्दी भाषा अपनाने, इसे प्रसारित करने, के गौरव एवं प्रतिष्ठा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहने के लिए शपथ पत्र हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। मौके पर प्रसनजीत मुखर्जी,संजय कुमार, सरवत अफरोज, शोएब आदिल, विद्यार्थी व अन्य उपस्थित थे।

# नदी किनारे से वृद्ध व्यक्ति का शव बरामद

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के चंपाटोली गांव में बुधवार को बिशुनपुर पुलिस ने घाघरा थाना क्षेत्र के घाघरा पाठ निवासी 65 वर्षीय किशुन उरांव का शव नदी किनारे से बरामद किया। घटना के संबंध में बिशुनपुर थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि किशुन उरांव अपनी बेटी दामाद के घर मेहमानी आया हुआ था। जहां से वह बुधवार को नशे की हालत में वापस लौट रहा था। वह चंपाटोली नदी के पास पुल से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस के द्वारा और कई पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

# चैनपुर बीडीओ ने प्रोजेक्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं को दिये सफलता के मंत्र



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय चैनपुर के छात्र-छात्राओं के बीच गुरुवार को शिक्षा का भेंट कार्यक्रम के तहत बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने शिक्षक की भूमिका निभायी। उन्होंने बच्चों की क्लास लेकर सफलता का मंत्र बताया। छात्र-छात्राओं के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयां आयें कभी हार नहीं माननी चाहिए। जितनी कड़ी मेहनत करेंगे उतनी ही बड़ी सफलता मिलेगी। छात्र जीवन में बहुत सारी कठिनाइयां आती हैं। कठिनाइयों से घबराना नहीं चाहिए। अगर हम घबराते हैं तो हमारी मंजिल और दूर होगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों के पठन-पाठन से संबंधित वार्ता की। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को सरल एवं सहज भाषा में पढ़ायें ताकि बच्चे जिस चीज का अध्ययन कर रहे हैं वह अच्छे से समझ में आये। उन्होंने स्कूल की छात्राओं से कहा कि जीवन में लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ें और सफलता हासिल करें। छात्र-छात्राओं को उन्होंने स्वच्छता और स्वास्थ्य पर पर विशेष ध्यान देने को कहा।

# सर्वेश्वरी शाखा समूह के सदस्यों ने स्थापना दिवस पर प्रभातफेरी निकाली



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सर्वेश्वरी शाखा समूह के सदस्यों द्वारा स्थापना दिवस सह लोलार्क षष्ठी पर्व के अवसर पर गुरुवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी चांदनी चौक स्थित सर्वेश्वरी शाखा समूह आश्रम से शुरू होकर थाना चौक, ब्लॉक चौक, नवडीहा होते हुए गम्हरिया तक गयी। जहां से पुनः सर्वेश्वरी शाखा समूह घाघरा परिसर पहुंची। वहीं सदस्यों ने बताया कि दिन के 9:00 बजे आश्रम में ध्वजारोहण, सफल योनी पाठ और प्रसाद का वितरण किया गया। दिन के 11:00 बजे विचार गोष्ठी और दोपहर 12:00 बजे सर्वेश्वरी बाल मंदिर घाघरा में खेलकूद प्रतियोगिता व पुरस्कार का वितरण हुआ। संध्या 7:30 बजे अखंड कीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर सर्वेश्वरी शाखा समूह के कई सदस्य शामिल थे।

# जीएसपीसीएल ने लड़कियों में कौशल विकास के लिए किया तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा सृष्टि प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (जीएसपीसीएल) के बैनर तले लड़कियों के कौशल विकास हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। प्रशिक्षण घाघरा स्थित टाना भगत इंटर कॉलेज में चल रहा है। इस क्रम में मुख्य रूप से मौजूद कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा यह प्रशिक्षण जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई है। श्री चौबे ने आगे कहा कि हमारी धरती रासायनिक खाद के उपयोग से बंजर होती जा रही है, हमें केमिकल फर्टिलाइजर का इस्तेमाल कम करना होगा और जैविक खेती पर विशेष ध्यान देना होगा। इसके पूर्व सीईओ जीएसपीसीएल तथा सदस्य शिक्षा मंत्रालय समिति भारत सरकार के सम्राट कुमार को रामनंदन साहू, अनिरुद्ध चौबे, विपिन बिहारी सिंह व अरशद मोमिन ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। वहीं मौजूद जीएसपीसीएल के सीईओ सम्राट कुमार ने बताया कि यह प्रशिक्षण यूरोपीयन यूनियन के द्वारा दिलाया जा रहा है, जिसमें लड़कियों में कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मौके पर समाजसेवी सह पूर्व लेक्चरल रामनंदन साहू, पूर्व प्रचार्य विपिन बिहारी सिंह, टाना भगत इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरसद मोमिन, जीएसपीसीएल के अध्यक्ष समीना टोप्पो सहित कालेज की छात्राएं मौजूद थीं।

# नहीं रहे बैजनाथ चंद्र अधिकारी, जिला भाजपा ने जताया शोक



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला अध्यक्ष अनूपचंद अधिकारी के बड़े पिताजी बैजनाथ चंद्र अधिकारी अब इस दुनिया में नहीं रहे। बुधवार की संध्या 8:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा सिसई एवं एसएस उच्च विद्यालय गुमला से मैट्रिक तक की शिक्षा प्राप्त की। उसके उपरांत सन् 1952 में स्नातक रांची से करने वाले सिसई भरनो प्रखंड के चार व्यक्ति में से एक थे। शान्ति निकेतन कोलकोता से बीएड करने वाले इस क्षेत्र के वे पहले व्यक्ति एवं भरनो में आदिम जाति सेवा मंडल उच्च विद्यालय के प्रथम प्राचार्य, बालिका उच्च विद्यालय भरनो के संस्थापक अध्यक्ष, कार्तिक उरांव उच्च विद्यालय छारदा के संस्थापक सदस्य, बीएन जलान कॉलेज सिसई के संस्थापक सदस्य रहे। उन्होंने परिवार और गांव के सैकड़ों लोगों को शिक्षा से जोड़कर कल्याण का कार्य किया। गुमला जिला भाजपा शोक संवेदना प्रकट कर मृत आत्मा की शांति की प्राथना की है। शोक प्रकट करने वालों में सांसद सुदर्शन भगत,राज्यसभा सांसद समीर उरांव, डॉ दिनेश उरांव,डॉ अरुण उरांव,प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू,पूर्व विधायक जीतवाहन बड़ाइक,कमलेश उरांव, शिवशंकर उरांव,अशोक उराव,भिखारी भगत, भूपन साहु,शिवप्रसाद साहु, बालमुकुंद महतो,प्रेम केशरी, मंगलसिंह भोक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, सुबोध लाल, विनय लाल,विजय मिश्रा,निवर्तमान जिलाध्यक्ष सविन्द सिंह,अवधेश प्रताप शाहदेव, यशवंत सिंह, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल,मिसिर कुजूर,लालमोहन साहु,विनोद कुमार,गायत्री देवी, सुजीत नंदा,प्रदीप प्रसाद,शैल मिश्रा,जिप अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा,उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी,दिनेश्वर प्रसाद,रविंद्र सिन्हा,सुधीर नंद,खुशमन नायक,निरंजन सिंह,कृष्णदेव सिंह,रामअवध साहु,रामवतार भगत,अशेष बारला, शंभु सिंह,लक्ष्मीकांत बड़ाइक,राधेश्याम कुशवाहा,जगनारायण सिंह,शिवदयाल गोप, चितरंजन मिश्रा,सूरजदेव सिंह,विपिन बिहारी सिंह,सावित्री मेहता,आफताब आलम लाडले, अनीता देवी,शमीम खान, मो.मुख्तार आलम, दामोदर कसेरा, संजय वर्मा,संजय साहु,पायल तिवारी,भोला चौधरी, सुनील दास राजेश सिंह,मीरा कुमारी,सरयू प्रसाद ,संतोष सिंह,गीता मिश्रा, विकास सिंह, सुषमा गुप्ता, कंचन लाल,अजीत कुमार, अरविन्द मिश्रा,वालकेश्वर सिंह, सुधीर सोनी,सौरभ पांडेय,अंजनी सिंह, विपिन सिंह,संदीप प्रसाद,विजय शंकर दास,लक्ष्मी विश्वकर्मा,कौशलेंद्र जमुआर, दिनेश सिंह ,सुमन कुमार, आदि प्रमुख कार्यकर्ता हैं।

## डीसी के निर्देश पर अवैध खनिजों के खनन, भंडारण व परिवहन की रोकथाम को लेकर सख्त हुए डीएमओ

# हॉट मिक्सिंग प्लांट के मालिक से मांगा स्पष्टीकरण, सात दिनों में जवाब तलब

**पंडवा एवं मेदिनीनगर में हॉट मिक्सिंग प्लांट का किया निरीक्षण, स्टोन चिप्स का पाया गया भंडारण**

आजाद सिपाही संवाददाता



पंडवा व मेदिनीनगर में हॉट मिक्सिंग प्लांट का निरीक्षण करते डीएमओ व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम को लेकर डीसी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) आनंद कुमार पूरी तरह से सख्त हो गए है। गुरुवार को उन्होंने पंडवा एवं मेदिनीनगर अंचल अंतर्गत हॉट मिक्सिंग प्लांट का निरीक्षण किया, जहां खनिज का भंडारण पाया। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए काम करवा रहे संवेदक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए सात सात दिनों के अंदर जबाव देने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने पर नियम संगत कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार 20 एवं 21 सितंबर को लगातार दो दिन हॉट मिक्सिंग प्लांट का निरीक्षण किये। निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले बुधवार को डीएमओ पंडवा पहुंचे एवं अंचल के तुकबेरा में स्थापित हॉट मिक्सिंग प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि प्लांट में 10 एमएम का 7500 घनफीट एवं 20 एमएम का पांच हजार घनफीट स्टोन चिप्स रखा हुआ है। जिसकी जांच जेम्स पोर्टल पर की तो पाया कि खनिज विक्रेता द्वारा किसी प्रकार निबंधन स्वीकृति नहीं ली गयी है। इस पर कार्रवाई करते हुए खनिज विक्रेता शैलेन्द्र कुमार सिंह से सात दिनों के अंदर जबाव मांगा। सयम पर जबाव नहीं देने पर नियम संगत कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद गुरुवार को मेदिनीनगर अंचल के जोरकट में स्थापित हॉट मिक्सिंग प्लांट एवं पत्थर चटटी बेतला रोड डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज समीप मिक्सिंग प्लांट की जांच की, जहां पर 2500 घनफीट स्टोन चिप्स, 1500 स्टोन चिप्स डस्ट, जबकि जोरकट में 25 हजार घनफीट स्टोन चिप्स एवं एक हजार स्टोन डस्ट पाया। इस पर कार्रवाई करते हुए खनिज विक्रेता रणधीर कुमार सिंह, पिता महेन्द्र प्रसाद, चियांकि विजय नगर एवं जीएस कंस्ट्रक्शन, गुरुजीत सिह को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए सात दिनों के अंदर जबाव मांगा है।

जबाव नहीं दिए जाने पर कार्रवाई की बात कही। इस अवसर पर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्ति बख्सें नहीं जाएगें। उन्होंने बताया कि डीसी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में विभाग की ओ्र से लगातार छापामारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाती रहेगी।

# श्राद्धकर्म में पौधा दान करने से मिलेगी मृतक की आत्मा को शांति : कौशल

**पर्यावरणविद कौशल ने श्राद्धकर्म में शामिल होकर मृतक के नाम किया पौधरोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता



पौधा लगाते व शपथ दिलाते पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल।

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के मनहु में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने स्व चूल्हन यादव और स्व रामसेवक यादव के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के नाम पर बरगढ़, पीपल और आम के पौधों का रोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि श्राद्ध में केवल मानव और पक्षी के भोजन की व्यवस्था ही नहीं, बरगढ़ व पीपल के पौधे लगाने से मृतक की आत्मा के शांति मिलेंगी। उन्होंने श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाने के बाद उनके बीच 100 फलदार पौधों का निःशुल्क वितरित किया। कहा कि दो वर्ष पहले कैंसर पीड़ित स्व रामसेवक यादव को इलाज के लिए छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने सरकार से पांच लाख रुपये का अनुदान दिलवाया था। ताकि उनका समूचित इलाज हो सके। बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। जिसके लिए वे काफी दुःखी हैं। उन्होंने मृतक के परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हमारी हिंदू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसकी पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले कई जीवों को अनेकों लाभ मिलते है। इसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है। इस मौके पर डाली पंचायत के उप मुखिया अफजाल अंसारी, जुबेर अंसारी, बसंत विश्वकर्मा, स्व. चूल्हन यादव के पुत्र रमेश यादव, देवबंद यादव, सुरेश यादव, नरेश यादव और स्व रामसेवक यादव की पत्नी मालती देवी, पुत्र रविंदर यादव, महेंद्र यादव, हरेंद्र यादव, शिवमंगल यादव, व्यास यादव, राम सकल यादव, रामप्रसाद यादव, जगनारायण, शिवनारायण, लालू साव,विजय, रंजन, छोटू और गुड्डू उपस्थित थे।

# विकास के मामले में पांकी रहेगा सबसे आगे : डॉ शशिभूषण



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने गुरुवार को तरहसी प्रखंड के उदयपूरा टू पंचायत के विनयका गांव में तहशील भवन का शिलान्यास किया। कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में सड़क तहसील भवन स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में तीव्र गति से काम हो रहा है। जनता का स्नेह व आशिर्वाद मुझे मिलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब झारखंड में पांकी क्षेत्र विकास में सबसे आगे रहेगा। बहुत जल्द पांकी बराज सड़क निर्माण शुरू होने जा रहा है। पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र को चारागाह समझ कर विकास के नाम पर 20 साल तक जनता को दिग्भ्रमित किया। आज क्षेत्र की जनता काफी सुकून व खुशहाल जिंदगी जी रही है। पांकी में भय आंतक के राज को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। पांकी के अंतिम लोगों तक विकास पहुंचाना पहली प्राथमिकता होगी। बहुत जल्द बहुप्रतीक्षित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अधारशिला रखी जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, प्रो बच्चन ठाकुर, मुखिया पति सुजीत भुईया, मुकेश सिंह, सुरेंद्र मेहता, धर्म देव मेहता और अनिल साव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# झारखंड की सत्ता में भाजपा के काबिज होने से ही होगा विकास: सूर्या

## झारखंड में अब एनसीपी एनडीए का हिस्सा, मिलकर लड़ेंगे 2024 का चुनाव

**- प्रदेश प्रवक्ता ने हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित**

**- कहा- 31 अक्टूबर तक झारखंड सरकार ने हुसैनाबाद को जिला घोषित नहीं किया तो करेंगें आंदोलन**

आजाद सिपाही संवाददाता



हुसैनाबाद शहर का भ्रमण करते एनसीपी के युवा नेता सूर्या सिंह।

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद की दो प्रमुख जरूरतों में एक जिला निर्माण और दूसरा रोजगार है। हुसैनाबाद के जिला बनने से ही यहां रोजगार का सृजन हो सकता है। कई वर्षों से हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग होती रही है। इसी मांग को लेकर ही हुसैनाबाद के विधायक ने झारखंड की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार को समर्थन दिया था। लेकिन हेमंत सरकार ने हुसैनाबाद के साथ छलावा किया है। इसी कारण एनसीपी का यूपीए में रहने का कोई औचित्य नहीं है। अब झारखंड में एनसीपी एनडीए का हिस्सा बन गया है। उक्त बातें एनसीपी के झारखंड प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कही। वे गुरुवार को हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज व हैदरनगर में कार्यकर्ताओ को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज व हैदरनगर बाजार का भ्रमण किया और कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श भी किया। तीनों जगहों पर उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार 31 अक्टूबर तक जिला नहीं बनाती है, तो एनसीपी सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होगी। इसके लिए एक नवंबर को रणनीति तय की जायेगी। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज-हुसैनाबाद के विकास के लिए एनसीपी अब एनडीए का हिस्सा होगी। 2024 के चुनाव में भाजपा गठबंधन से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से एनसीपी चुनाव लड़ेगी। हुसैनाबाद विधानसभा का विकास विधायक कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हो रहा है।

विधायक ने तीन नए प्रखंड, जेल, आईटीआई सहित कई बड़े काम पहले ही किए है। इस कार्यकाल में भी ऐतिहासिक विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद जिला बनने की सभी आहर्ता पूरी करता है। यहां रोजगार के लिए बड़े उद्योग की जरूरत है। यह काम एनडीए सरकार से ही संभव हो पाएगा। साथ ही जिला बनेगा तो रोजगार भी बढ़ेगा। तीनों जगह आयोजित कार्यक्रम में एनसीपी के विभिन्न प्रकोष्ठों के नेता-कार्यकर्ता शामिल थे।

# प्रशासन पांकी मस्जिद चौक से अविलंब बैरिकेटिंग हटाये: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी मस्जिद चौक पर विशेष समुदाय द्वारा सड़क किनारे बैरकैटिंग लगाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने जिला प्रशासन से अविलंब सड़क के किनारे बैरकैटिंग हटाने की मांग की है। कहा कि विगत 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तोरण द्वार लगाने को लेकर दो समुदाय में हिंसक झड़प हुई थी जिससे क्षेत्र काफी प्रभावित हुआ था। कहा कि तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए तत्कालीन डीसी ऐ डोडे व पलामू एसपी चंदन सिन्हा के सयुंक्त शांति समिति की बैठक में यह निर्देश जारी किया गया था मस्जिद चौक पर किसी भी पर्व में बास का बैरकैटिंग नहीं होगा। इसके बावजूद मुस्लिम समुदाय द्वारा सड़क के किनारे अवैध तरीके से बैरकैटिंग किया गया है इसे पुलिस प्रशासन अविलंब हटाये। उन्होंने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बैरकैटिंग नहीं हटाया गया तो सड़क के बीचों-बीच 10 डीप बोर लगाया जायेगा। पांकी विधानसभा क्षेत्र में अमन चैन व शांति के महौल को बिगाड़ने के लिए लगातार एक विशेष समुदाय द्वारा हथकंडा अपनाया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त डाक अधीक्षक के निधन पर शोक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू प्रमंडल से सेवानिवृत्त डाक अधीक्षक मुरारी तिवारी (90) के निधन की सूचना मिलते ही जपला मुख्य डाकघर अंर्तगत कर्मियों व अभिकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। अरविंद कुमार ओझा की अध्यक्षता में जपला में आयोजित शोकसभा में कहा कि दिवंगत मुरारी तिवारी पलामू प्रमंडल में निर्विवाद डाक निरीक्षक, सहायक डाक अधीक्षक व डाक अधीक्षक के पद पर रहकर सेवा दी थी। निधन पर डाक निरीक्षक सुमन समानता, विक्रम कुमार, एसपीएम बिनोद चौधरी व रत्नेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार, संतोष टुड्डू, भोला कुमार, देवेंद्र नाथ गुप्ता, श्रवण कुमार आदि ने श्रद्धांजलि दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्री सर्वेश्वरी समूह ने मनाया 63 वां स्थापना दिवस, निकली प्रभात फेरी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह का 63वां स्थापना दिवस विश्रामपुर शाखा की ओर से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार को समूह के विश्रामपुर शाखा में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। अहले सुबह सामूहिक श्रमदान कर आश्रम परिसर की सफाई की गई। इसके बाद सुबह छह बजे प्रभात फेरी निकाली गई। फूलों से सुसज्जित वाहन पर अघोरेश्वर भगवान राम जी की तस्वीर को सजाया गया था। आश्रम परिसर से निकली प्रभात फेरी विश्रामपुर, बीमोड़, रेहला बाबा योगीबीर देवस्थल सहित नगर भ्रमण करते हुए वापस आश्रम पहुंचा। इसके बाद विधिवत ध्वजा पूजन किया गया। जिसके बाद भक्तों ने दर्शन लाभ किया। आश्रम के सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने श्री सर्वेश्वरी समूह के सामाजिक कार्यों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। विश्रामपुर आश्रम के मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह मानव सेवा का पर्याय बन चुका है। मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, नप के पूर्व उपाध्यक्ष अजय बक्सराय उर्फ बढ़कू सिंह, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी, राजेश मार्शल, सुमन बक्सराय, बबन बक्सराय, अच्युतानंद पांडेय, गोपाल पांडेय, सच्चिदानंद पांडेय, विनय पांडेय, अंशु पांडेय, दिलीप चंद्रवंशी, नरेंद्र पाल और संजय साह आदि मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा नगर मंडल की ओर से कलाकारों को किया गया सम्मानित



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर भाजपा नगर मंडल की ओर से कई कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन कार्यक्रम प्रभारी सह युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय ठाकुर ने किया। बबन राम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसके तहत कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज कला के क्षेत्र में कार्य करने वाले कई लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सीताराम आर्य, देवनारायण सिंह, महामंत्री, मनीष कुमार, महामंत्री संतोष राम, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय साह, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मेहता, गोपाल सोनी, धर्मेंद्र कुमार, महिला मोर्चा महामंत्री अर्चना देवी, बेबी देवी, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, गिरधारी साव, शंभु गुप्ता, सुरेश चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

### बटाने नदी पार करने के दौरान डूबने से व्यक्ति की मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के खाप कटैया गांव निवासी स्व. लखन राम के 37 वर्षीय पुत्र बबन राम की गुरुवार की दोपहर बटाने नदी में डूबने से मौत हो गयी। खाप कटैया और लंगूराहा गांव निवासी रविंद्र राम, विनोद राम, जितेंद्र राम, सन्नी कुमार, गुजर चौधरी, रामकुमार यादव, अनिल राम, चंदीप राम, नरेश राम, राजेश्वर राम शम्भू राम, सत्रुधन राम, पवन राम आदि ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि बबन राम प्रतिदिन की तरह लंगूराहा गांव के प्रितमपुर खेत में लगी धान को देखने जा रहा था। इस दौरान सुराही घाट पर बटाने नदी पार करने के दौरान पैर फिसल गया और नदी में गिर कर डुबने से मौत हो गया। उधर, पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पानी में डूबने से बबन राम की मौत हुई है। घटना स्थल पर एसआइ अनूप कुमार और एएसआई जितेंद्र कुमार दल बल के साथ पहुंच कर मामले की जांच की और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव हुसैनाबाद भेज दिया है। बतातें चलें कि मृतक बबन मजदूरी कर पत्नी तेतरी देवी व दो नाबालिक बच्चों का जीवन यापन कर रहा था। उसकी मौत से पूरे परिवार के साथ गांव में मातम छाया हुआ है।

### युवक ने पेड़ से लटक कर की आत्महत्या

**उंटारी रोड़/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरमाकला ग्राम पंचायत के टोला लकडही जयराम रजवार (37) ने पारिवारिक कलह से परेशान होकर गांव के बाहर बेलवा दामर में महुआ के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की मानें तो जयराम गुरुवार की सुबह पांच बजे घर से गाय बांधने की बात कहकर रस्सा लेकर निकला था। कुछ देर बाद ही फांसी लगाकर जान देने की खबर गांव वालों ने दी। इसकी खबर पाकर मौके पर पहुंचे उटारी रोड थाना के थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो, एएसआई राजकुमार शर्मा व चंडी प्रकाश ने शव को पेड़ से उतरवाया और पोस्टमार्टण के लिए भेज दिया।

# स्पोर्ट्स



भारतीय महिला फुटबॉल टीम को हांगझोऊ एशियाई खेलों के अपने मुकाबले में चीनी ताइपे के हाथों2-1 के हाथों हार का सामना करना पड़ा है।

### मोहाली में भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे आज, अश्विन की हुई भारतीय टीम में वापसी

(चंडीगढ़-एजेंसी)। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच आईएस बिंद्रा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया टीम के ग्लेन मैक्सवेल और मिचेल स्टार्क अपनी फिटनेस के कारण टीम से बाहर हो गए है, जबकि पिछले दिनों से टीम से बाहर रह रहे स्टीव स्मिथ को टीम में जगह मिली है। टीम ऑस्ट्रेलिया का कहना है कि उन्होंने अपनी टीम में चार फ्रंटलाइन गेंदबाजों को चुना है। वह हर परिस्थिति में गेंदबाजी कर सकते हैं। विशेष रूप से जंपा न केवल रन रेट ठीक रखते हैं, बल्कि डेथ ओवरों में विकेट लेने में भी प्रभावी हैं। वहीं भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ का कहना है कि आर अश्विन का टीम में वापस करना अच्छी बात है। वह अपनी गेंदबाजी से हमेशा कमाल करते हैं। इसके साथ ही आठवें नंबर पर वह बल्लेबाजी करने में भी सक्षम है।

## 24 को थाइलैंड से भिड़ेगी टीम इंडिया, करो या मरो वाला होगा मैच

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम भी पहला मैच हारी, चीनी ताइपे ने 2-1 से हराया

एजेंसी



**हांगझोऊ।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को हांगझोऊ एशियाई खेलों के अपने मुकाबले में चीनी ताइपे के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। भारत ने दूसरे हाफ में गोल दाग चीनी ताइपे पर 1-0 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, मैच के आखिरी पलों में दो गोल खाकर टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। अंजू तमांग ने दूसरे हाफ की शुरूआत में ही भारत को बढ़त दिला दी थी, लेकिन चीनी ताइपे ने 69वें और 87वें मिनट में गोल दागकर जीत दर्ज की। चीनी ताइपे के लिए लाई ली चिन और सू यू सुआन ने गोल दागे। सुनील छेत्री की अगुआई वाली भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम को भी एशियाई खेलों के पहले मैच में चीन के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। अब आशालता देवी की अगुआई वाली महिला फुटबॉल टीम को भी वही नतीजा देखना पड़ा। मैच के शुरूआती 60 मिनट तक भारतीय टीम ने मैच में बढ़त बनाई हुई थी। ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया चीनी ताइपे को चौंकाते हुए उलटफेर करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। आखिरी कुछ पलों में भारतीय डिफेंडर्स की गलती ने हार के लिए मजबूर कर दिया। भारतीय महिला फुटबॉल टीम शानदार फॉर्म में चल रही थी और उसने ओलंपिक क्वालिफायर के ओपनिंग राउंड में इस साल जून में अपने से कहीं मजबूत किर्गिस्तान को 5-0 से हराया था। भारतीय महिला टीम को ग्रुप-बी में चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ रखा गया है। अब टीम इंडिया को 24 सितंबर को थाईलैंड से भिड़ना है। यह भारत के लिए करो या मरो वाला मैच होगा। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए थाईलैंड के खिलाफ मैच में जीत जरूरी होगी। पांचों ग्रुप की शीर्ष टीम और हर ग्रुप को मिलाकर तीन बेस्ट रनर अप टीम को क्वार्टर फाइनल यानी अंतिम आठ के लिए क्वालिफाई करने का मौका मिलेगा। पिछली बार यानी 2018 एशियाई खेलों में टीम इंडिया 11 टीमों में नौवें स्थान पर रही थी। भारतीय टीम इस साल अपने प्रदर्शन को सुधारना चाहेगी। स्वीडन के थॉमस डेनरबी भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कोचिंग कर रहे हैं।

## डीसी ने की जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की। जिसमें जल जीवन मिशन के तहत चल रहे एमवीएस, एसवीएस एवं क्लस्टर योजनाओं की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड से प्राप्त भूमि के एनओसी पर प्रखंड स्तरीय प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निर्माण करने, जिले में गोबरधन के लिए चयनित एजेंसी शिवम कंपनी से पांकी प्रखंड के पंचायत सुंडी में गोबरधन प्लांट लगाने आदि की स्वकृति दी। जिले में ओडीएफ प्लस के तहत सभी गांव को मॉडल ग्राम बनाने के लिए 265 पंचायतों में बैटरी युक्त कचरा गाड़ी जीईएम पोर्टल से खरीदने के लिए अनुमोदन की स्वीकृति दी। बैठक में सहायक समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता पेयजल आदि उपस्थित थे।

## अतिक्रमण विवाद से डरे स्वास्थ्य कर्मियों ने नहीं खोला सेंटर का ताला




**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** सरकारी जमीन अतिक्रमण विवाद के बाद डरे कनकनी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के स्वास्थ्य कर्मियों ने गुरुवार को सेंटर नहीं खोला। वे अपने उच्च अधिकारी के पास चले गए। सेंटर पर ताला लटका रहा। दोपहर दो बजे एमओआईसी के प्रभारी डॉ अनिता चौधरी और डॉ संजय राय कर्मियों को साथ लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर मामले की जांच की। कर्मियों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जिसके बाद कर्मी शुक्रवार से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोलने के लिए तैयार हुए। इधर, लोयाबाद थाना प्रभारी ने घोलटू सिंह को थाने में बुलाकर जमीन के सारी कागजात जमा करने को कहा है, ताकि सीओ से जमीन की मापी करा कर पता लगाया जाए कि जमीन वास्तविक में सरकारी है या घोलटू सिंह की है। समाचार लिखे जाने तक घोलटू द्वारा पुलिस के पास कागजात को जमा नहीं कराया गया है। हालांकि इस बाबत थाने में किसी पक्ष के द्वारा लिखित शिकायत नहीं की गई है।

### तेजी लाने का निर्देश : झरिया जलापूर्ति-पाइपलाइन बिछाने की योजना की समीक्षा बैठक

# विधायक पूर्णिमा सिंह ने काम करने की धीमी गति पर जतायी नाराजगी



जलापूर्ति योजना की समीक्षा बैठक में शामिल विधायक पूर्णिमा सिंह व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झमाड़ा के प्रभारी प्रबंध निदेशक सह नगर आयुक्त सतेंद्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को झरिया जलापूर्ति योजना की समीक्षा बैठक हुई। इसमें विशेष आमंत्रित सदस्य सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह भी उपस्थित हुई। इस दौरान केपीटीएल (जेएमसी) की जलापूर्ति और पाइपलाइन बिछाने के कार्य की धीमी गति पर विधायक पूर्णिमा ने नाराजगी जताई और काम को तय समय में पूरा करने के लिए प्रबंध निदेशक को एजेंसी को निर्देशित करने को कहा। विधायक ने झरिया धर्मशाला रोड, एक्सचेंज रोड में बिछाए जा रहे पाइपलाइन कार्य का रेस्टोरेशन जल्द कराने, कैंप का आयोजन कर जल उपभोक्ताओं से बिल में निहित विसंगति को दूर करते हुए बकाया राशि पर सरचार्ज और ब्याज माफ कर उपभोगताओं को राहत देने की बात कही। जिस पर प्रबंध निदेशक सतेंद्र कुमार ने कार्य कर रही कंपनी के प्रतिनिधि को लंबित कार्य जल्द सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, बैठक में उपस्थित झमाड़ा सचिव प्रकाश कुमार को जल दर भुगतान के लिए शीघ्र ही कैंप का आयोजन करने का निर्देश दिया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, झमाड़ा के मुख्य अभियंता अनूप कुमार सामंता, सचिव प्रकाश कुमार, सहायक अभियंता मनोज सिंह, कनीय अभियंता गण, केपीटीएल (जेएमसी) के प्रतिनिधि सीएच रमेश, डी सतीश रेड्डी, पीएमसी प्रतिनिधि अरेंद्र कुमार और एलडी त्रिपाठी उपस्थित थे।

## किसानों को समृद्ध बनाने के लिए सरकार ने शुरू की है एग्री स्मार्ट ग्राम योजना : पूर्णिमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से प्रस्तावित एग्री स्मार्ट ग्राम योजना के लिए झरिया अंचल अंर्तगत डूंगरी ग्राम में योजना के क्रियान्वयन की अनुशंसा गुरुवार को जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम को सौंपी। इस दौरान धनबाद जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि इस योजना का उद्देश किसानों की आय बढ़ाने के लिए स्मार्ट खेती के उपकरणों का प्रयोग करना, सिंचाई को सभी किसानों के लिए आसान बनाने का प्रयास, मत्स्य पालन और पशु पालन, बिजली की सुविधा हर खेत में सुनिश्चित करना, किसानों का मुनाफा बढ़ाने के लिए फसल को लाने ले जाने के लिए सस्ते परिवहन की व्यवस्था करना आदि शामिल है। वहीं, विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीक को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें समृद्ध करने के लिए झारखंड सरकार एग्री स्मार्ट ग्राम योजना लाई है। इस योजना के तहत पूरे गांव का विकास होगा। वहां कि कृषि तकनीक को विकसित किया जाएगा साथ ही सिंचाई सुविधाएं भी विकसित की जाएगी।



अधिकारी के साथ बैठक करती झरिया विधायक।

## हड़ताल को सफल बनाने को लेकर बीसीकेयू का प्रदर्शन



**धनसार (आजाद सिपाही)।** डीपीइ के कारण 11वें राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता के निरस्त होने को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियन की ओर से आहूत तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए बीसीकेयू समर्थको ने गुरुवार को धनसार के विश्वकर्मा परियोजना में प्रदर्शन किया। शाखा सचिव नंदलाल महतो ने कहा कि अगर सितंबर महीने में मिलने वाला वेतन मिल चुके एरियर में किसी प्रकार की कटौती हुई तो संपूर्ण कोयला उद्योग के उत्पादन को तीन दिनों के लिए ठप कर दिया जायेगा। प्रबंधन के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ कोयला मजदूर हड़ताल पर जाएंगे। कहा कि आगामी 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक कोयले का उत्पादन और डिस्पेच बंद रहेगा। किसी भी हाल में लागू वेतन समझौता को रद्द होने नहीं दिया जाएगा। वर्कशॉप में सभा कर वक्ताओं ने कहा कि कोयला मजदूर अपने हक के लिए आर पार की लड़ाई का शंखनाद करेंगे। हड़ताल को सफल बनाने के लिए मजदूरों ने कमर कस लिया है। मौके पर भूषण महतो, रविशंकर सिंह, उमा चौहान, अशोक राम, दीपक कुमार, गोपाल महतो, राम बालक धारी, अशोक कुमार आदि मौजूद थे।


GOVERNMENT OF JHARKHAND
AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & CO-OPERATIVE DEPARTMENT
(CO-OPERATIVE DIVISION)

OFFICE OF THE REGISTRAR, CO-OPERATIVE SOCIETIES JHARKHAND, RANCHI
INTEGRATED CO-OPERATIVE DEVELOPMENT PROJECT (I.C.D.P.) CELL, RANCHI)

TENDER CANCELLATION NOTICE

Letter No :- 128 Date :- 21.09.2023

PR Ref No :- 306807 Co-operative (2023-24)D

NIT No :- ICDP/RANCHI/04/2023-24

Name of the work :- Construction of RICE MILL, DAL, SATTU, BESAN, MAIZE & TAMARIND Processing unit at different Place of Jharkhand.

As Per Direction the tender for work "Construction of RICE MILL, DAL, SATTU, BESAN, MAIZE & TAMARIND Processing unit at different Place of Jharkhand" is hereby cancelled due to some unavoidable reasons.

Sd/-
State monitoring Officer
ICDP Cell, Ranchi

PR 307436 Co-opretive(23-24)D


## भाजपा भेदभाव की राजनीति नहीं करती है : रागिनी सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** भालगोड़ा 2 नंबर में स्थानीय लोगों ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह का अभिनंदन किया। बतातें चलें कि रागिनी सिंह की पहल पर ताराबगान में पेयजल और पिट वाटर की व्यवस्था कराकर उक्त क्षेत्र में पानी की समस्या का निदान किया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार असामाजिक तत्वों द्वारा बार-बार पानी का कनेक्शन एवं बिजली के तार काट दिए जाने के कारण उक्त स्थान पर पानी और बिजली की समस्या उत्पन्न हो गयी थी। वहीं, रागिनी सिंह ने कहा कि भाजपा परिवार के रूप में काम करती है। किसी के साथ भेदभाव की राजनीति नहीं करती। पानी और बिजली मूलभूत सुविधाएं हैं और इस पर सभी का बराबर का हक है। आप लोगों की समस्या हमारी समस्या है। आगे भी किसी तरह की समस्याओं के निदान के लिए लोग उनसे निर्भिक होकर संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान दूसरे संगठनों को छोड़कर कई युवाओं ने भाजपा का दामन थामा। मौके पर उमेश यादव, श्रवण राम, शैलेश सिंह चंद्रवंशी, सुमन अग्रवाल, पूनम देवी, शिबू अग्रवाल, विजय चंद्रवंशी, अमर सिंह, संतोष रवानी, बिनोद सिंह, मोनू कुमार, अमित कुमार, राणा सिंह, अनिल राम, आशिक महतो, रामप्रकाश सिंह, सौरभ कुमार, दशरथ रजक और विवेक कुमार आदि उपस्थित थे।

## झारखंडी सभ्यता बचाने के लिए शक्ति सेना करेगी करम महोत्सव का आयोजन : दीपक

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे जयराम महतो**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** शक्ति सेना की ओर से गुरुवार को टाटा सिजुआ, 12 नंबर स्थित शक्ति समाधि स्थल प्रांगण में प्रेस वार्ता कर संगठन के सचिव दीपक कुमार ने बताया कि इस बार भव्य तरीके से करम पर्व महोत्सव आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। महोत्सव में झारखंड के विभिन्न स्थानों से प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। बताया कि शक्ति सेना की ओर से झारखंडी सभ्यता को बचाने का एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है। इसमें करम की विशेषता, झारखंडी सभ्यता की झांकी और करम नृत्य प्रस्तुत की जाएगी। इस कार्यक्रम में पहले 16 नामांकन करवाने वाले टीम भाग लेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 23 सितंबर सुबह आठ बजे तक होगा। कार्यक्रम में प्रथम पुरुस्कार के रूप में बड़ा कप 2000 रुपया नगद, साड़ी और पूरे टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार के रूप में मध्यम कप 1500 रुपया नगद, साड़ी और पूरे टीम को मोमेंटो, जबकि तृतीय पुरुस्कार के रूप में मध्यम कप 1000 रुपया नगद, साड़ी और पूरे टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा महोत्सव में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को 500 रुपया सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के अलावा क्रांतिकारी प्रदीप महतो शामिल होंगें। साथ ही धनबाद जिला के प्रसासनिक अधिकारी, टाटा के अधिकारी और हर वर्ग के समाजसेवी उपस्थित होंगे। मौके पर उज्वल महतो, क्रांतिकारी रविरंजन महतो, रोनित महतो, बप्पी महतो, अमित चैटर्जी, प्रदीप महतो, रोशन महतो, सनी प्रामाणिक, भूपेंद्र महतो, भागवत कुमार, संजीव प्रेम महतो, मनीष महतो, तारकनाथ महतो, सचिन महतो, विकाय महतो, दीपक महतो और राजू महतो आदि मौजूद थे।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गिरिडीह

महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गिरिडीह में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण राँची के द्वारा Third Round Online Admission समाप्त होने के पश्चात् शेष बचे रिक्त सीटो पर निदेशालय पत्रांक–1434 दिनांकः–14.09.2023 के आलोक में Spot Round Online Admission दिनांकः–22.09.2023 एवं 23.09.2023 को होना है जिसमें वैसे अभ्यार्थी भाग लेगे जिन्होने पूर्व में ऑनलाईन आवेदन नामांकन के लिए किये है, और किसी कारणवश उनका नामांकन झारखण्ड के किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में अभी तक नहीं हो पाया है।

अतः दिनांकः– 22.09.20233 एवं 23.09.2023 को महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में Spot Round Online Admission लिया जाएगा। इस नामांकन प्रक्रिया के दौरान (पहले आओ, पहले पाओ) में First Come First Serve के आधार पर ऑनलाइन नामांकन लिया जाएगा।

ह0/
प्रभारी प्राचार्य,
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गिरिडीह।

PR.NO.307385 Labour Employment and Traning(23-24):D



iti Industrial Training Institute
झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,सिमडेगा, बानो एवं महिला सिमडेगा। पिन कोड–835235
Email ID- principal.itisimdega@gmail.com

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड राँची के पत्रांक 1435......दिनांक 14.9.23 के अनुपालन में शैक्षणिक संत्र 2023–24–2025 **सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिमडेगा, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बानों एवं महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा,** में NCVT 3rd round councelling के उपरांत रिक्त सीटों के विरूद्ध On the spot councelling नामांकन दिनांक 22.09.2023 एवं 23.09.2023 को किया जाना है। केवल उन्हीं उम्मीदवारों को शामिल होगें जो online application किये हो। ऐसे उम्मीदवार निर्धारित तिथि एवं समय के शाम 5 बजें तक सभी मूलप्रमाण पत्र के साथ **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमडेगा** कार्यालय में उपस्थित होगें। सीटों का विवरण इस प्रकार हैं।

| क सं | औ0 प्र0 संस्थान सिमडेगा | औ0 प्र0 संस्थान बानो | महिला औ0 प्र0 संस्थान सिमडेगा | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | फिटर –04 सीट | फिटर–13 सीट | इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक – 24 सीट | |
| 2 | मोटर व्हीकल–07 सीट | विद्युत–04 सीट | | |
| 3 | मषीनिष्ट–19 सीट | मोटर व्हीकल–19 सीठ | | |
| 4 | वायरमैन–20 सीट | प्लम्बर–48 सीट | | |
| 5 | वेल्डर–20 सीट | | | |
| 6 | प्लम्बर–18 सीट | | | |
| | विद्युत– 03 | | | |
| | कुल – 94 | कुल–84 | कुल– 24 | |

नोट– On the spot counselling admission system में होगी।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
सिमडेगा

PR 307361 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)


### साड़म में आयोजित श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय



**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत साड़म संतोषी मंदिर स्थित मैदान में साड़म-होसिर प्रबंध समिति की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीश्री गणेश महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय शामिल हुए। पूरे विधि विधान के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की और पूरे क्षेत्र व प्रदेश वासियों के लिए सुख-शांति समृद्धि व उन्नति की मंगलकामना की। विधायक ने जागरण मंच का विधिवत उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर झारखंड के पूर्व मंत्री सह कमेटी के संस्थापक सह संरक्षक माधव लाल सिंह के नेतृत्व में जीप सदस्य अकाशलाल सिंह, पूर्व जीप सदस्य प्रकाशलाल सिंह, समाजसेवी सुरजलाल सिंह आदि ने विधायक को बुके देकर सम्मानित किया। वहीं, विधायक सरयू राय ने माधव लाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों को धार्मिक कार्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कहा कि विघ्नविनाशक श्रीगणेश वुद्धि के देवता माने जाते हैं। किसी भी पूजा एवं शुभकर्म में सर्वप्रथम इन्हीं की पूजा की जाती है। दुनिया की परिक्रमा की परीक्षा में इन्होंने अपने माता-पिता की परिक्रमा कर यह भी साबित कर दिया है कि वे ही पूज्यनीय एवं सभी देवों से बढ़कर हैं। सच्चे मन से श्रीगणेश की आराधना करने से हर मनोकामना पूरी होती है। कार्यक्रम में साड़म-होसिर गोमिया, ललपनिया, बीटीपीएस बोकारो, रामगढ़ व हजारीबाग जिला सहित राज्य के अन्य कई जिलों के हजारों श्रद्धालु परिजनों के साथ भगवान श्री गणेश का दर्शन करने पहुंचे थे। इस मौके पर थाना प्रभारी राजेश रंजन, शेखर प्रजापति, उपमुखिया पंकज कुमार जैन, मनबोध डे, पूर्व उप मुखिया विकास जैन, मोहनमुरारी चौधरी, अजित कुमार सहाय, प्रोफेसर धनंजय रविदास, विजय राम, अशोक कुमार, अरुण डे, सनत प्रसाद और राजेश भंडारी आदि उपस्थित थे।

### संलिप्त लोगों पर कार्रवाई को लेकर आंदोलन करेगी कांग्रेस

# गौ तस्करी में भाजपा नेताओं की संलिप्तता शर्मनाक-निंदनीय: संतोष

आजाद सिपाही संवाददाता




संवाददाता सम्मेलन में उपस्थित कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह व अन्य।

**धनबाद।** जिला कांग्रेस ने भाजपा एवं उसके अन्य संगठनों के पदाधिकारियों पर जीटी रोड में गौ तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया है। इस बाबद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन किया जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी एवं कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा एवं उसके अन्य संगठन के पदाधिकारियों द्वारा जिले के जीटी रोड़ में मवेशी लदे वाहनों से नाजायज पैसों की उगाही और गौ तस्करी में भाजपा नेताओं की संलिप्ता का मामला उजागर होना बहुत ही शर्मनाक व निंदनीय हैं। कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिन्होंने गौरक्षा अभियान चलाया था। आज उन्हीं की पार्टी के नेता गो तस्करी में लिप्त है। इतना ही नहीं निरसा क्षेत्र के एक भाजपा नेता द्वारा लगातार गौ तस्करी किया जा रहा है। इसे लेकर गौ रक्षक प्रदेश अध्यक्ष खुद भाजपा नेताओं पर बरवाअड्डा थाना में मारपीट करने और सनहा दर्ज करने की लिखित शिकायत किये है। उक्त मामले के उजागर होने पर भाजपा के चाल, चेहरा और चरित्र उजागर हो गया है। भाजपा नेताओं द्वारा गो तस्करी में संलिप्ता के बावजूद धनबाद के भाजपा सांसद मूकदर्शक बने हुए है। झारखंड सरकार को हम धन्यवाद देते हैं जिन्होंने गौ सेवा आयोग का गठन किया है। संबंधित मामले को लेकर गो सेवा आयोग के चेयरमैन को विस्तृत जानकारी दे दी गई है। धनबाद जिला कांग्रेस उक्त मामले में संलिप्त लोगों पर कारवाई को लेकर जोरदार आंदोलन करेगा। धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी गो सेवा आयोग से उक्त मामले की जांच कराने एवं इसमें सलिप्त लोगों पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, योगेंद्र सिंह योगी, राजेश्नवर सिंह यादव, लक्ष्मण तिवारी, इरफान खान, जावेद रजा, पप्पू कुमार तिवारी, पप्पू पासवान, बाबू अंसारी, राधेश्याम शर्मा आदि उपस्थित थे।


कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्

!! आम सूचना !!

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आपको प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तृतीय घटक के अन्तर्गत तिलैया बस्ती में निर्मित 46 आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से दिनांक 27.11.2021 (द्वितीय चरण) एवं दिनांक 04.03.2022 (तृतीय चरण) 07 आवासों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया गया है एवं आवंटन पत्र भी दिया गया है।

वर्तमान में परियोजना स्थल पर निर्मित आवासों का निर्माण लगभग पूर्ण हो गया है, परंतु द्वितीय चरण के 11 आवंटी एवं तृतीय चरण के 2 लाभुकों के द्वारा लगभग 15 से 18 माह के पश्चात भी लाभुक अंशदान की द्वितीय किस्त की राशि रू0 71,750.00 जमा नहीं की गई है। जिसकी सूची निम्नवत है:–

| Sl. No. | Survey Id | Name | Father Name / Husband Name |
|---|---|---|---|
| 1 | 5960412 | NEHA KUMARI SINHA | MANISH KUMAR SINHA |
| 2 | 5962390 | PUJA DEVI | SURAJ KUMAR SINGH |
| 3 | 5962384 | REKHA DEVI | VIJAY KUMAR SINGH |
| 4 | 5961036 | VINAY KUMAR SINGH | JAGDISH SINGH |
| 5 | 5961632 | AJAY KUMAR SHARMA | ARJUN KUMAR SHARMA |
| 6 | 5962415 | ARMAN ALAM | HAFIZ UDDIN |
| 7 | 5962395 | ASHISH KUMAR | BALESHWAR SAW |
| 8 | 5962431 | HAFIJ UDDIN | SAFI ULLA |
| 9 | 5944853 | URVASHI DEVI | LATE BHAGWAN SAW |
| 10 | 5962387 | VIVEKANAND PRASAD | LATE RAJENDRA PRASAD |
| 11 | 5930855 | SABITA DEVI | DILIP DAS |
| 12 | 5963638 | RANI DEVI | SANDEEP THAPA |
| 13 | 5966970 | REENA KUMARI | ASHOK VERMA |
| 14 | 5949456 | PREMLATA DEVI | AJAY RAM |
| 15 | 5927620 | RAJ KUMARI DEVI | BASUDEV TURIYA |
| 16 | 5928634 | DIPMALA KUMARI | ASHOK SINGH |
| 17 | 4819647 | DILSHAD | MD. ALLUDIN |

अतः उपरोक्त सूची के लाभुकों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 29.09.2023 तक द्वितीय किस्त की राशि 71,750/– रू० CANARA BANK खाता संख्या – 110014965941, IFSC Code No. CNRB0003376 में अनिवार्य रूप से जमा कर दें अन्यथा निर्धारित अवधि में राशि जमा नही किये जाने पर आपको आवंटित आवास को रद्द कर दी जायेगी एवं प्रतीक्षारत/योग्य लाभार्थी को अवसर प्रदान किया जायेगा।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद्

PR 307417 (Urban Development)23-24*D

## न्यूज रील्स

### लैंड फॉर जॉब्स मामला: तीन अफसरों पर भी चलेगा केस

**पटना (आजाद सिपाही)।** लैंड फॉर जॉब्स मामले में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव पर सुनवाई टल गयी है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में सीबीआइ के स्पेशल कोर्ट में इस मामले की सुनवाई अब शुक्रवार को होगी। इधर सीबीआइ ने कोर्ट को बताया है कि तीन रेल अधिकारी मनदीप कपूर, मनोज पांडे और डॉ पीएल बंकर के खिलाफ केस चलाने की इजाजत गृह मंत्रालय से मिली है। सीबीआइ जल्द ही इस दिशा में कदम उठायेगी।

### पाकिस्तान में जनवरी 2024 के आखिरी हफ्ते में होंगे चुनाव

**इस्लामाबाद (आजाद सिपाही)।** पाकिस्तान में आम चुनाव तीन महीने टल गये हैं। चुनाव आयोग ने गुरुवार को जारी बयान में तमाम कयासों को खत्म करते हुए इसका एलान किया। वैसे तो यह चुनाव अक्टूबर के आखिर तक हो जाने चाहिए थे, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि उसे परिसीमन और जनगणना के नतीजों का इंतजार है और इसकी वजह से यह चुनाव जनवरी में होंगे।

## स्कूल और शिक्षा विभाग ने उठाया पदक्षेप

# पहली कक्षा के बच्चे पढ़ेंगे 'शिक्षा प्रवेश'

आजाद सिपाही सवांददाता

**भुवनेश्वर।** 'शिक्षा प्रवेश' अब प्राथमिक कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों का मार्गदर्शन करेगी। प्राथमिक शिक्षा को प्रारंभिक बाल शिक्षा के साथ एकीकृत किया जायेगा। स्कूल और गण शिक्षा विभाग ने कदम उठाया है। आंगनवाड़ी के बाद, जब छात्र पहली कक्षा में दाखिला लेते हैं, तो वे प्राथमिक विद्यालय में समायोजित नहीं कर पाते।



### नतीजतन, बच्चे अक्सर स्कूल से अनुपस्थित रहते हैं

जानकारी के मुताबिक स्कूल और गण शिक्षा विभाग ने बच्चों के डर को दूर करने और बेहतर भविष्य की सोच के लिए एक अभिनव कदम उठाया है। प्राथमिक स्तर से छात्रों की बुनियादी भाषा और संख्यात्मक कौशल विकसित करने पर जोर दिया जायेगा। अब, पहली कक्षा में दाखिला लेने वाले छात्र "शिक्षा प्रवेश" पुस्तक का अध्ययन करेंगे। इस पुस्तक को पढ़ने से आपके बच्चे की बुद्धि का विकास होगा और वे उन्हें पढ़ने के प्रति अधि आकर्षित करेंगे। 'शिक्षा प्रवेश' एससीईआरटी के ढांचे में तैयार की गयी है, यह पुस्तक पहली कक्षा के प्रत्येक छात्र को वितरित की जायेगी।

इस पुस्तक में यह भी बताया गया है कि आंगनवाड़ी के बाद प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को क्या पढ़ाया जायेगा और बच्चों के विकास के लिए शिक्षक किसे अधिक महत्व देंगे। यह पुस्तक डीईओ के माध्यम से सभी छात्रों और स्कूल अधिकारियों को भेज दी गयी है।

# बैजयंत पंडा को जान से मारने की धमकी

**नव दास जेसी दशा भुगतना पड़ेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राजनेताओं और बड़े लोगों को फोन पर जान से मारने की धमकी मिलना आम बात हो गयी है। इस बीच राज्य के एक वरिष्ठ नेता को जान से मारने की धमकी मिली है बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पंडा को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली है। बैजयंत के कार्यालय ने कहा कि पुलिस में शिकायत दर्ज की गयी है, जबकि दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर धमकी दी कि बैजयंत का भी नब दास जैसा ही अंजाम होगा। पुलिस को शुरूआती जांच में पता चला है कि फोन करने वाला व्यक्ति हिंदी में बात कर रहा था। इसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बैजयंत के एक सहायक को उक्त कॉल प्राप्त हुई। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उक्त कॉल धमकी थी या शरारत था। पिछले 29 जनवरी को एएसआई गोपाल दास ने राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री नव दास को गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना से पूरे राज्य में आक्रोश फैल गया।



## बीजेडे सुप्रीमो की बड़ी कार्रवाई

# दो विधायक सौम्य पटनायक और सुधांशु परिडा को पार्टी से निष्कासित

- विधायक सुधांशू पर 3 करोड़ रुपये की सब्सिडी राशि हड़पने का आरोप लगा था।

आजाद सिपाही संवाददाता







**भुवनेश्वर।** बीजेडी के दो विधायक निलंबित हुए। बालेश्वर रेमूणा के विधायक सुधांशू शेखर परिडा और नयागड खंडपड़ा के विधायक सौम्यरंजन पटनायक को बीजेडी से निष्कासित कर दिया गया है। दोनों को बीजेडी सुप्रीमो तथा सीएम नवीन पटनायक ने निष्कासित कर दिया है। पार्टी सुप्रीमो ने यह घोषणा की। विधायक सौम्य पटनायक के नाम पर ईडब्ल्यू में केस दर्ज किया गया था। बैंक धोखाधड़ी के आरोप में पार्टी सुप्रीमो ने ऐसी कार्रवाई की है। वहीं, विधायक सुधांशू पर 3 करोड़ रुपये की सब्सिडी राशि हड़पने का आरोप लगा था।

# मानसून सत्र के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा में विधानसभा, पुलिस महानिदेशक ने की समीक्षा

- रैली, धारणा और सुरक्षा पर नजर रखने के लिए 5 कंट्रोल रूम बनाये गये हैं।
- सुरक्षा के लिए 30 प्लाटून पुलिस बल तैनात किया गया है।

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** विधानसभा का मानसून सत्र शुक्रवार से शुरू होगा। विधानसभा त्रिस्तरीय सुरक्षा क्षेत्र के अंदर है। पुलिस महानिदेशक सुनील बंसल ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। कमिश्नरेट पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। विधानसभा परिसर के अंदर और बाहर त्रिस्तरीय सुरक्षा तैनात की गई है। भुवनेश्वर डीसीपी के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा के लिए 30 प्लाटून पुलिस बल तैनात किया गया है। 6 अतिरिक्त डीसीपी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसके अलावा 19 एसीपी, 20 इंस्पेक्टर, 75 एसआई और एएसआई, रूफ टॉप सुरक्षा और सीसीटीवी से विधानसभा की निगरानी की जायेगी। रैली, धारणा और सुरक्षा पर नजर रखने के लिए 5 कंट्रोल रूम बनाए गये हैं। स्ट्राइकिंग फोर्स, क्विक रिस्पांस टीम, स्पेशल टैक्टिकल यूनिट की मृतायन की गयी है। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान पुलिस आयुक्त, कानून प्रवर्तन के एडीजी, गुइंडा के निदेशक, गुइंडा के डीआइजी, पुलिस आयुक्त समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे। पहली बार एसटीयू और ओएसएएफ को बाहर तैनात किया गया है।







## दुर्गोत्सव : बाहुबली थीम पर तैयार आठ फीट ऊंची सिंहासन पर विराजेंगी मां

# पुनर्जन्म का एहसास दिलायेगा आरआर स्पोर्टिंग क्लब

राजवीर चौधरी

### सिर्फ पंडाल के निर्माण में खर्च होंगे 42 लाख रुपये

**रांची।** आरआर स्पोर्टिंग क्लब रातू रोड दुर्गा पूजा पंडाल में इंसान के पुनर्जन्म की व्याख्या कर बताया जायेगा कि आपका कर्म कैसा होने पर आप अगले जन्म में क्या बनेंगे। क्लब दुर्गा पूजा पंडाल में इंसान के पुनर्जन्म की यात्रा के प्रसंग पर आधारित काल्पनिक प्रस्तुति देने जा रहा है। इस प्रस्तुति से समाज को सजग करने का एक संदेश दिये जाने का प्रयास मात्र होगा। यहां पंडाल की ऊंचाई 55 फीट और लंबाई 42 फीट होगी। इस अद्भुत और अलौकिक प्रस्तुति के साथ पूजा के अन्य सभी कार्यों के लिए कमेटी ने 55 लाख रुपये का बजट तैयार किया है। बाहुबली थीम पर तैयार आठ फीट का सिंहासन बन रहा, जहां 18 फीट की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। वहीं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा 10 फीट ऊंची होगी। सभी प्रतिमाएं मिट्टी से बनी होंगी, जिस पर राजस्थानी रंग होगा।



### संरक्षक विक्की यादव ने कहा



कमेटी के द्वारा शुरू से ही भव्य आयोजन होता आया है। इस बार भक्तों को जीवन के महत्व और मृत्यु के बाद की स्थिति को दिखाना है। इसमें समाज को एक संदेश मिलेगा कि कर्म ही सब कुछ है, क्योंकि मृत्यु के बाद जीवन चक्र का अंत नहीं बल्कि शुरूआत होती है।

### मूर्ति को दिया जा चुका है आकार

बंगाल के कलाकारों द्वारा मां की प्रतिमा बनाने का कार्य काफी तेजी से चल रहा है। मूर्ति का ढांचा तैयार कर उसे आकार दिया जा चुका है। प्रतिमा पर लगने वाले रंग पर कमेटी का विचार अभी बाकी है।

### साइड गेट छाया रहेगा कार्टून कैरेक्टर से

इस बार फ्लाईओवर कार्य को देखते हुए कमेटी ने मुख्य गेट के निर्माण पर निर्णय नहीं किया है। साइड गेट पर बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर की गली को लाइट से सजाया जायेगा। कुल छह साइड गेट बनाये जायेंगे।

### रोड किनारे लगेंगे स्टॉल

हर बार रोड के किनारे ठेला खोमचा आदि लगाये जाते थे, लेकिन इस बार कमेटी ने रोड के किनारे-किनारे स्टॉल लगाने की बात कही है। दर्शनार्थियों को खाने पीने के साथ आराम करने के लिए कुर्सी टेबल लगे रहेंगे।

### ड्रोन से होगी पुष्पवर्षा

पूजा पंडाल के उद्घाटन पर ड्रोन से फूलों की वर्षा करायी जायेगी। कई घंटे तक इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके लिए बंगाल से काफी मात्रा में फुल मंगाये जायेंगें, जिसमें गुलाब, गेंदा, चमेली, रंजनीगंधा सहित अन्य कई प्रकार के फूल शामिल होंगे।

### पांच लाख की प्रतिमा बनेगी


कमेटी ने इस बार कुल बजट 55 लाख का बनाया है। उसमें पंडाल पर कुल खर्च 42 लाख का होगा। वहीं प्रतिमा का खर्च पांच लाख, लाइट चार लाख सहित पूजा के आयोजन में चार लाख रुपये खर्च किये जायेंगे।




















# विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर सम हॉस्पिटल ने वॉकथॉन का किया आयोजन





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर गुरुवार को इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल के मनोचिकित्सा विभाग ने एक वॉकथॉन का आयोजन किया है। गुरुवार सुबह सम अस्पताल के ब्लड बैंक के सामने से वॉकथॉन शुरू हुई और मुख्य द्वार पर समाप्त हुई। इस वर्ष विश्व अल्जाइमर दिवस का विषय नेभर टू अर्ली, नेभर टू लेट है। इस विषय के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम जोखिमों की पहचान करने, उपचार में देरी करने और बीमारी को आगे बढ़ने से रोकने के उद्देश्य से वॉकथॉन शुरू किया गया था। इस वॉकथॉन में मनोचिकित्सा विभाग के प्रमुख प्रोफेसर सुरजीत, प्रोफेसर शुभेंदु नारायण मिश्र और एसोसिएट प्रोफेसर लग्नजीत दास और अन्य संकाय सदस्यों, छात्रों और कर्मचारियों ने भाग लिया।












आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**